हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 289, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 21 अप्रैल, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

यूपी बोर्ड : 10वीं का 89.55% व 12वीं का 82.60% परिणाम रहा

12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा, हाईस्कूल में प्राची निगम ने किया टॉप

प्रयागराज। यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम जारी हो गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में इसकी घोषणा की। 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने टॉप किया है। बागपत बड़ौत के विष्णु चौधरी दूसरे नंबर पर हैं। अमरोहा की काजल सिंह ने दूसरे स्थान पर रही हैं। सीतापुर की कशिश मौर्य भी दूसरे नंबर पर हैं। वहीं सीतापुर की ही रहने वाली प्राची निगम ने हाईस्कूल में टॉप किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में सीतापुर के बने टॉपर हैं। प्राची के 600 में से 591 नंबर आए हैं। उनके 98.50 प्रतिशत अंक आए हैं। इंटर में शुभम वर्मा ने टॉप किया है। 97.80 फीसदी अंक हासिल किए हैं।



हाईस्कूल में कशिश और इंटरमीडिएट में हरिदत्त ने किया झांसी जिला टॉप- झांसी में हाईस्कूल में कशिश और इंटरमीडिएट में हरिदत्त ने जिला टॉप किया है। हाईस्कूल के उत्तीर्ण प्रतिशत में जिले का 44वां और इंटरमीडिएट में 72वां स्थान आया है। सरस्वती बाल विद्या मंदिर की कशिश पाल 96 फीसदी अंक लाकर हाईस्कूल की जिला टॉपर बनी हैं। वहीं, 95.83 प्रतिशत अंक पाकर ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल के आशीष कुमार और सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज केकेपूरी की प्रतिभा कुशवाहा दूसरे, 95.67 प्रतिशत अंक पाकर सरस्वती बाल विद्या मंदिर की अश्का साहू तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, इंटरमीडिएट में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के हरिदत्त राजपूत ने 94.80 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। इसी तरह श्री लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज मऊरानीपुर के कपिल और आलोक नायक ज्योतिबा राव फुले इंटर कॉलेज बामनुआ की शिवानी 94.20 फीसदी अंक लाकर दूसरे, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मऊरानीपुर के अभय प्रताप सिंह और जय बजरंग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सकरार के विशाल सिंह चौहान 94 फीसदी अंक पाकर तीसरे पायदान पर हैं।

सीएम योगी ने छात्रों को बधाई- सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई! आप सभी 'नए उत्तर प्रदेश' का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। माँ शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे!'

बेटियां हाईस्कूल में अव्वल- यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में बेटियों ने प्रदेश में नाम रोशन किया है। गोपालपुर निवासी दीपका सोनकर पिता शिवकुमार ने 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित करके प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं तनुश्री पिता धीरेंद्र प्रकाश ने 97.5 प्रतिशत अंक अर्जित छठवीं, हुसैनगंज निवासी अर्पिता साहू पिता सुभाष साहू ने सातवीं और गांव मानपुर निवासी तनु देवी विश्वकर्मा पिता रामबाबू ने प्रदेश में 583 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टाप टेन सूची में आठवीं रैंक बनाई है। ये सभी छात्राएं मुस्तफापुर के एसएस इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं।

टॉप 10 मेरिट में अलीगढ़ जिले से दो विद्यार्थी- टॉप 10 मेरिट लिस्ट में अलीगढ़ जिले से दो विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया है। उतीर्ण होने वाले छात्र और छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के अनुसार अलीगढ़ जिले से दो विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में प्रदेश की टॉप टेन सूची में सीतापुर का जलवा दिया। केवल दूसरे स्थान को छोड़कर अन्य एक से 10वें स्थान तक सीतापुर के विद्यार्थियों ने अपना कब्जा जमाया है। प्रार्ची निगम 591 अंकों के साथ प्रदेश में टॉपर बनी। नव्या सिंह 98 फीसद के तीसरे स्थान पर रहीं। वैष्णवी 97.83 फीसद के साथ चौथे नंबर पर रहीं।

शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने का प्रयास : सीएम योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने की कुचेष्टा है। उन्होंने कहा कि ...अभी राम नवमी का आयोजन संपन्न हुआ है। भाजपा शासित सभी राज्यों में राम नवमी के उत्सव और शोभायात्राएं सकुशल संपन्न हुईं लेकिन पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कारण वहां राम नवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं, यानी सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक की कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर से वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए की सुशासन की पहली शर्त कानून का शासन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश में और भाजपा की राज्य सरकारों ने भी सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का काम किया है। लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

'कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी संकट दिख रहा', नांदेड़ की रैली में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्ष और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान कहा कि पहले चरण के बाद बूथ लेवल पर जो विश्लेषण हुआ है, उससे ये विश्वास पक्का हो गया है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'मतदाता देख रहे हैं कि इंडी गठबंधन के लोग अपने स्वार्थों में, अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। पहले चरण में लोगों ने इंडी गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ये लोग दावे जो भी करें, लेकिन सच्चाई ये है कि चुनाव से पहले ही कांग्रेस के नेताओं ने हार मान ली है। इसलिए कुछ नेता, जो लोकसभा से जीतकर आते थे, इस बार राज्यसभा के जरिए अंदर जाकर बैठ गए हैं। हालात ये हैं कि विपक्षी गठबंधन को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। ज्यादातर सीटों पर इनकी पार्टी के नेता चुनाव प्रचार के लिए नहीं जा रहे हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले 25 साल भारत के हैं। ज्यादा मत प्रतिशत बताता है कि भारत की लोकतांत्रिक ताकत बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादा और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद, ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा 'कांग्रेस का ये परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा, क्योंकि जहां वो रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वो खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पाएगा।' विपक्षी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि लोग देख रहे हैं कि विपक्षी गठबंधन के भ्रष्ट नेता अपने परिवारों के हितों के लिए इकट्ठे हुए हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें नकार दिया है।

'सिख परंपरा से जुड़े तीर्थों का विकास किया'- पीएम ने कहा 'करतारपुर साहिब कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को वहां दर्शन में मदद मिल रही है। हुजूर साहिब और हेमकुंड साहिब के दरबार तक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का इंतजाम करना हो या सिख परंपरा से जुड़े हर तीर्थ के विकास का काम, एनडीए सरकार ने पूरी शक्ति और भक्ति से काम किया है। खालसा पंथ की गुरु परंपरा और गुरु गोबिंद सिंह की सीख हमारी सरकार के लिए प्रेरणा रही है।' नांदेड़ का सिखों के लिए बेहद धार्मिक महत्व है। पीएम मोदी ने कहा कि 'उनकी सरकार सीएए कानून लेकर आई। सीएए नहीं होता तो हमारे सिख भाई-बहनों का क्या होता? ऐसा लगता है कि कांग्रेस 1984 का बदला अभी भी सिखों से ले रही है।'

'भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम मोदी, कीमत देश चुका रहा', राहुल का प्रधानमंत्री पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं, जिसमें वे खुद भ्रष्टाचार विज्ञान विषय के तहत चंदे का धंधा समेत हर चैप्टर खुद विस्तार से सिखा रहे हैं।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से दान की रकम जुटा रही है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'छापेमारी कराकर दान कैसे लिया जाए? दान लेकर ठेके कैसे बांटे जाएं? भ्रष्ट लोगों को धुलने वाली वॉशिंग मशीन कैसे काम करती है? किस तरह से जांच एजेंसियों को रिकवरी एजेंट बनाकर जमानत और जेल का खेल खेला जाता है?' राहुल गांधी ने लिखा कि 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं को इस 'क्रैश कोर्स' को जरूरी कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है।' राहुल गांधी के अनुसार 'इंडिया गठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर हमेशा के लिए इस कोर्स को बंद कर देगी।' राहुल गांधी शनिवार को बिहार दौरे पर रहेंगे और भागलपुर में रैली को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के साथ इस रैली में महागठबंधन के अन्य नेता भी शामिल होंगे। इनमें राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी शामिल हैं। शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान को उदयपुर में एक रोडशो किया। इस दौरान अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा और कश्मीर को लेकर उनके अनुमानों को लेकर तंज कसा। अमित शाह ने कहा कि 'कश्मीर में महबूबा मुफ्ती और राहुल बाबा कहते थे कि अगर अनुच्छेद 370 को हटाया गया तो हिंसा भड़क उठेगी।' अमित शाह ने तंज कसते हुए कहा 'राहुल बाबा पांच साल बीत चुके हैं। यह नरेंद्र मोदी की सरकार है। हिंसा की बात छोड़िए किसी में एक पत्थर फेंकने की हिम्मत नहीं है।'

युद्ध लड़ने के तरीकों में आया बदलाव...', वायुसेना प्रमुख बोले- भूमि, समुद्र व वायु क्षेत्रों की सीमाएं हो रही धुंधली

नई दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध लड़ने के तरीकों में बदलाव आ रहा है। भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि हमारी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए क्षमताओं का विकास किया जाना चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करें। वायुसेना प्रमुख ने कार्यक्रम को पहले से रिकार्ड किए गए वीडियो के जरिये संबोधित किया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों में तेजी से बदलाव आ रहा है और अंतरिक्ष को निजी क्षेत्रों के लिए खोल दिया गया है। इसके चलते पहले से स्थापित योजनाओं में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नई संभावनाएं नए समाधान और बाहरी अंतरिक्ष तक कम लागत वाली पहुंच के लिए नया नजरिया प्रस्तुत कर रही हैं। हालांकि, इन नई संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। वीआर चौधरी ने कहा कि निजी उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी से हम देख रहे हैं कि अंतरिक्ष क्षेत्र लोकतांत्रिक हुआ है। आम आदमी की अंतरिक्ष यात्रा 25 साल पहले एक सपना थी, लेकिन आज यह एक सच्चाई है। निजी उद्यमियों और सेना द्वारा अंतरिक्ष के बढ़ते दोहन के साथ निश्चित रूप से इस क्षेत्र का महत्व बढ़ गया है। मालूम हो कि मानेकशा सेंटर में आयोजित होने वाली संगोष्ठी में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अंतरिक्ष उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

मैनपुरी में भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत; 24 लोग घायल

मैनपुरी। मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री की थाना बिछवां के गांव बेलधारा में शादी हुई है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने परिवारीजनों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में बैठी फूलमती पत्नी अवधेश, रमाकांति पत्नी दफेदार, संजय देवी पत्नी राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां द्रोपदी देवी पत्नी विशुन दयाल ने भी दम तोड़ दिया। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

भीषण गर्मी से जनता बेहाल रेड जोन बने देश के 11 राज्य

नई दिल्ली। अप्रैल का महीना शुरू होते ही पूरे देशभर में गर्मी का दौर शुरू हो गया है। माह के तीसरे हफ्ते में सूरज आग उबल रहा है। भीषण गर्मी के कारण देश के 11 राज्य लू की चपेट में आ चुके है। शुक्रवार को इन 11 राज्यों के 17 शहरों का तापमान दोपहर के समय 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। महाराष्ट्र के विदर्भ, मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र, आंध प्रदेश के रायलसीमा, तेंलगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तरी मध्य प्रदेश, गांगेय पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में 42 से 44 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के 19 शहरों का तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। राजधानी भोपाल में दोपहर का पारा 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में भी पारा ऊपर चढ़ा हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी प्रदेशों पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, झारखंड और गुजरात के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति अगले 3 से 4 दिनों के बीच जारी रहेगी।

पश्चिमत्तोर के राज्य पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में भी अगले एक से दो दिन के अंदर तापमान 40 डिग्री का पार पहुंच जाएगा। 20 और 21 अप्रैल को गंगीय पश्चिम बंगाल में और ओडिशा में लू का दौर जारी रहने और उसके बाद धीरे-धीरे कम होने की संभावना है।

कांग्रेस के पास न नीति, न नीयत और न नेता : अमित शाह

भीलवाड़ा। शाहपुरा जिले के शकरगढ़ ग्राम में शनिवार को भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में भाजपा की चुनावी महासंकल्प सभा का आयोजन हुआ, जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। अपने चिर-परिचित अंदाज में अमित शाह ने कांग्रेस पर करारा वार करते हुए कहा कि राजस्थान की सभी सीटें बीजेपी जीत रही है, इसमें कोई शक नहीं है। भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा की जीत रिकॉर्ड तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केवल अपने बेटे के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रामलला के दर्शन नहीं करने वाले को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं पहुंचकर जनता का अपमान किया है। साल 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करते हुए अमित शाह ने कहा कि राजस्थान की तरह समूचे देश में इस बार भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अमित शाह ने कहा कि राजस्थान 25 की 25 सीटें भाजपा को देने जा रहा है। प्रथम चरण में कल जो चुनाव हुआ है, उसमें 12 की 12 सीटें नरेंद्र मोदी जी की झोली में जा रहा है। अशोक गहलोत का बेटा भी बड़ी मार्जिन से हार रहा है। अमित शाह ने कहा कि जो लोग वोट बैंक के लालच से रामलला के दर्शन नहीं करते हैं, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। मोदी ने भारत को 10 साल में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ा काम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भीलवाड़ा के सांसद सुभाष भेड़िया के कार्यकाल में केंद्र सरकार द्वारा कराए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नेशनल हाइवे-158,

जयपुर-उदयपुर वंदे मातरम ट्रेन, भीलवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, भीलवाड़ा से आसींद व गुलाबपुरा रोड पर नेशनल हाइवे, भीलवाड़ा स्टेशन का जीर्णोद्धार यह सब सांसद बहेड़िया के विकास कार्यों के खाते में जाता है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में विकास जो कराए गए हैं, वह केवल भाजपा के शासन में ही हुए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, नरेंद्र मोदी ने एक झटके से ट्रिपल तलाक को हटाया है। नई संसद भवन बनाया गया है। कर्त्तव्य पथ बनाया। अंग्रेजों के कानून को हटाकर नया कानून बनाया। 80 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। मुफ्त राशन दिया। 12 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं-बहनों का सम्मान किया। 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला का कनेक्शन दिया। 14 करोड़ जनता को नल से जल दिया। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल को दिया गया हर वोट नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। मोदी ने जो भी वादे किए उन्होंने पूरे किए। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे कहते हैं कि राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना। खरगे जी को नहीं मालूम कि राजस्थान से कितने लोग सेना में हैं। कश्मीर के लिए राजस्थान के न जाने कितनी माताओं ने अपने लाल की बलि दी है। अनुच्छेद-370 हटाना चाहिए की नहीं हटाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी 70 साल से 370 को संभालकर बैठी थी। मोदी जी ने इसे समाप्त कर दिया। कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हर तीन महीने में विदेश यात्रा करने वाले राहुल बाबा हैं। दूसरी तरफ दीपावली के दिन भी काम करने वाले नरेंद्र मोदी हैं। सोनिया गांधी का एजेंडा है मेरे बेटे को प्रधानमंत्री बनाओ, मोदी का एजेंडा है मेरे भारत को महान बनाओ। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास न नीति है, न नीयत है, न नेता है, मोदी को वोट दीजिए और अगले पांच साल में भारत को दुनिया में उचित सम्मान वाले स्थान पर पहुंचाएंगे।

हमले के पीछे इस्राइल के होने के सबूत नहीं, ईरानी विदेश मंत्री बोले- जांच में कुछ मिला तो छोड़ेंगे नहीं

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि ईरान पर हुए हमले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ होने के सबूत नहीं मिले हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने ईरान पर हमले की कोशिश की तो ईरान तुरंत और मुंहतोड़ जवाब देगा। वहीं इस्राइल की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है। बता दें कि शुक्रवार को ईरान के शहर इस्फहान में हमले की खबरें मीडिया में छाई रहीं थी। अब इसे लेकर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दोल्लाहियन ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि 'ईरान के भीतर से ही कुछ ड्रोन्स उड़े थे, जिन्हें कुछ मीटर उड़ान भरने के बाद ही मार गिराया गया था।' अमीराब्दोल्लाहियन ने कहा कि 'वो ड्रोन्स बच्चों के खिलौनों जैसे थे, जिनसे हमारे बच्चे खेलते हैं।' ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि 'यह अभी तक साबित नहीं हुआ है कि इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ था। अभी मामले की जांच चल रही है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में जो कहा जा रहा है, वह सही नहीं है।' ईरान में शुक्रवार को धमाकों की आवाज सुनी गई थी। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तीन ड्रोन्स को निशाना बनाया था, जिससे धमाके की आवाज सुनी गई। ईरान अधिकारियों का कहना है कि कुछ उग्रवादियों ने ये ड्रोन्स उड़ाए हो सकते



हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने इस्राइल को धमकी देते हुए कहा कि 'अगर इस्राइल फिर से कोई गड़बड़ी करता है या कुछ ऐसा करता है, जो ईरान के हित में नहीं है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।' शुक्रवार को ईरान के किसी रणनीतिक ठिकाने पर हमले की कोई जानकारी नहीं है और न ही ईरान को कोई नुकसान हुआ है। इस्राइल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है। वहीं अमेरिका ने भी किसी हमले में शामिल होने से इनकार किया है।

संपादकीय

मिठास का वार

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है। यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। यदि कम शर्करा वाली वस्तु है तो स्पष्ट होना चाहिए कि यह मात्रा कितना रखी गई है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही भ्रामक विज्ञापन करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई हो।

हैं डटे मैदान!

करने को विदाई ।
हैं डटे मैदान ।।
जीत कर दिखाएंगे ।
हैं लगे जी जान ।।
है बयान सार्वजनिक ।
चर्चा चलने वाली ।।
है दिखाना दम ।
ना पुलाव खयाली ।।
जनता का विश्वास ।
जीत लिया इस बार ।।
मान लेगी कहना ।
हैं हम असरदार ।।
होगी पक्की जीत ।
है ऐसा भरोसा ।।
अपनी बात ठीक से ।
हमने जो परोसा ।।

–कृष्णेन्द्र राय

वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का व्यापार घाटा 36 प्रतिशत कम हुआ

प्रह्लाद सबनानी

विदेशी व्यापार के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत अच्छी खबर आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। यह विशेष रूप से भारत में आयात की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं में की गई कमी के चलते संभव हो सका है। केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो। अब यह सब होता दिखाई दे रहा है क्योंकि भारत के आयात तेजी से कम हो रहे हैं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, लाल सागर व्यवधान, पनामा रूट पर दिक्कत के साथ ही वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद एवं विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के हिचकोले खाने के बावजूद भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में मामूली बढ़ौतरी दर्ज हुई है। जिसका स्पष्ट प्रभाव भारत के व्यापार घाटे में आई 36 प्रतिशत की कमी के रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है। भारत का कुल व्यापार घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 के 12,162 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम होकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में वस्तुओं का कुल आयात 67,724 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के 71,597 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में 5.41 प्रतिशत कम है। जबकि वस्तुओं के कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामूली 3.11 प्रतिशत गिरकर 43,706 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं। देश के कुल निर्यात एवं आयात के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के अंतर का व्यापार घाटा 24,017 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। परंतु, यदि वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़ों में सेवाओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो स्थिति बहुत अधिक सुधर जाती है। भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष के उच्चत्तम रिकार्ड स्तर से भी आगे बढ़कर 77,668 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है, यह वित्तीय वर्ष 2022-23 में 77,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान किया गया सेवाओं का निर्यात, जो 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 33,962 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, औषधियों एवं इंजीनीयरिंग वस्तुओं का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्यात वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,355 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2,912 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.64 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, दवाओं एवं औषधियों का निर्यात भी 9.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,539 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2,785 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, इंजीनीयरिंग वस्तुओं का निर्यात भी 2.13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10,932 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। कुल मिलाकर, भारत से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यात में वृद्धि

इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दवाएं एवं चिकित्सा, इंजीनियरिंग उत्पादों, लौह अयस्क (वृद्धि दर 117.74 प्रतिशत), सूती धागा (यार्न एवं फैब्रिक में वृद्धि दर 6.71 प्रतिशत), फल एवं सब्जी (वृद्धि दर 13.86 प्रतिशत), तम्बाकू (19.46 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पौलट्री उत्पाद (12.34 प्रतिशत), अनाज एवं विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (8.96 प्रतिशत), मसाला (12.30 प्रतिशत), तिलहन (7.43 प्रतिशत), आयल मील्स (7.01 प्रतिशत), हथकरघा उत्पाद एवं सेरेमिक उत्पाद तथा कांच के बर्तनों (14.44 प्रतिशत) के निर्यात के चलते सम्भव हो सकी है। साथ ही, यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के प्रमुख निर्यात बाजार में अमेरिका, यूनाइटेड अरब अमीरात, यूरोपीयन यूनियन देशों, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी जैसे देशों के शामिल होने से भी सम्भव हो सका है।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव के चलते भी विशेष रूप से मार्च 2024 माह में तो भारत से वस्तुओं का निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने उच्चत्तम स्तर 4,168 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि वस्तुओं के आयात मार्च 2024 माह में 5.98 प्रतिशत की कमी दर्ज करते हुए हुए 5,728 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर नीचे आ गए हैं। इस प्रकार मार्च 2024 माह में वस्तुओं का व्यापार घाटा लगातार कम होकर केवल 1,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रह गया है। इसकी पूर्ति सेवाओं के क्षेत्र से निर्यात में हो रही लगातार बढ़ौतरी से सम्भव हो रही है। अब तो सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत कुल विदेश व्यापार में आधिक्य की स्थिति भी हासिल कर ले। वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में वृद्धि के साथ एवं वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात में लगातार हो रही कमी के चलते यह सम्भव हो सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के कुल व्यापार घाटे (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) में आई भारी कमी के चलते अब यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि आगे आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की मांग भी बढ़ सकती है और पिछले कई दशकों के दौरान भारतीय रुपए में आ रही लगातार गिरावट को रोककर अब भारतीय रुपया न केवल स्थिर हो जाएगा (वैसे पिछले लगभग एक वर्ष के दौरान भारतीय रुपया 83 रुपए प्रति डॉलर के आसपास लगभग स्थिर तो हो ही चुका है) बल्कि भारतीय रुपए की कीमत भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ सकती है। भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के साथ विनिमय दर वर्ष 1982 में 9.46 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर से 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर हो गई थी। परंतु, पिछले एक वर्ष के दौरान यह विनिमय दर लगभग स्थिर ही रही है। दूसरे, अब कई देश भारत के साथ विदेशी व्यापार को रुपए एवं उन देशों की स्वयं की मुद्रा में करने को सहमत हो रहे हैं। जिसके कारण भारत एवं इन देशों के बीच होने वाले विदेशी व्यापार का भुगतान करने हेतु अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता कम होगी, बल्कि भारतीय रुपए में ही भुगतान सम्भव हो सकेगा। इस प्रकार के व्यवहार यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के बीच बढ़ते हैं तो विश्व में विडालरीकरण की प्रक्रिया को भी गति मिल सकती है। भारतीय रुपए में व्यापार करने हेतु रूस, सिंगापुर, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर सहित लगभग 32 देशों ने भारत के साथ समझौता किया है एवं भारतीय रिजर्व बैंक के साथ अपना वोस्ट्रो खाता भी खोल लिया है ताकि इन देशों को भारत के साथ किए जाने वाले विदेशी व्यवहारों के निपटान को भारतीय रुपए में करने में आसानी हो सके।

दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा जरूरी

दिनेश सी. शर्मा

पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापनों की तार्किकता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जारी कानूनी लड़ाई ने अनेकानेक कारणों से काफी जिज्ञासा जगाई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पतंजलि के कर्ता-धताओं बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अदालत की अवमानना के लिए निजी तौर पर पेश होकर बार-बार माफी मांगने पर जोर देना अभूतपूर्व है। इस मामले में अंतिम फैसला अभी आना बाकी है लेकिन अब तक हुई सुनवाई से तमाम संबंधित पक्ष यानी दवा निमार्ता, नियामक, सरकार और सबसे ऊपर, उपभोक्ता के लिए कई अहम सबक सीखने को हैं।

इस मामले के केंद्र में है दवा एवं जादुई उपचार (एतराज योग्य विज्ञापन) कानून 1954, दवा एवं प्रसाधन कानून-1940 और तत्पश्चात 1945 में बनाए नियम। 1954 में बना कानून कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है और कुछ स्थितियों में दवाओं का प्रचार कैसे किया जाए, इसको नियंत्रित करता है। जिन रोगों के इलाज को लेकर विज्ञापन देने पर रोक है उनमें कैंसर, मधुमेह, बच्चा न होना, एड्स, मोटापा, समय पूर्व बुढ़ापा, अंधता इत्यादि हैं। यह कानून विशेष तौर पर उन भ्रामक विज्ञापनों के लिए है जिनमें रोग को ठीक करने हेतु चमत्कारी इलाज या किसी दवा की प्रभावशीलता को लेकर झूठे अथवा बढ़ा-चढ़ाकर किए दावे हों। यह कानून केंद्र सरकार को इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्रदान करता है। भारत में दवाएं, प्रसाधन, मेडिकल उपकरण और अन्य संबंधित उत्पादों का उत्पादन, वितरण और बिक्री के लिए 1940 का कानून और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम, मुख्य प्रावधान हैं।

पतंजलि का अपने अनेकानेक जड़ी-बूटी आधारित उत्पादों के बारे में दावा है कि इनसे रोग पूरी तरह ठीक हो जाते हैं, इनमें डायबिटीज, थायरॉयड समस्या और यहां तक कि कैंसर भी शामिल है। कोविड-19 महामारी के दौरान, इसने कोरोनिल नामक उत्पाद जारी किया और कोविड ठीक करने का दावा किया। इस उत्पाद की लॉन्चिंग में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। जब इसकी प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठे तो मार्किटिंग पैंतरे के तहत दावे को उपचार से प्रबंधन बताना शुरू कर दिया। अनेकानेक रोगों को ठीक करने का दावा करते अपने विज्ञापनों में पतंजलि संस्थान इलाज की आधुनिक मेडिकल व्यवस्था को निशाना बनाने लगा। यह कहकर कि उसके पास ठीक करने वाला कोई इलाज नहीं है। इसने न केवल स्वास्थ्य कार्यकताओं को असहज किया बल्कि भारतीय मेडिकल संगठन (आईएमए) को भी। इन्होंने पतंजलि आयुर्वेद को दो दवा कानूनों के उल्लघंन करने के लिए अदालत में घसीटा, जहां पर पतंजलि को चेतावनी मिली। तथापि, अदालत की सरासर अवमानना करते हुए, इस संस्थान ने अपने भ्रामक विज्ञापन जारी रखे।

दवाओं, उपायों और स्वास्थ्य से संबंधित भ्रामक विज्ञापन एक बड़ी समस्या है और इस काम में पतंजलि आयुर्वेद ही एकमात्र नहीं है। भारत भर में अखबार और टेलीविजन चैनल (एक विशेष वक्त पर) पर ऐसे विज्ञापनों और प्रायोजित सामग्री की भरमार है, जिनमें हरेक रोग के इलाज और उपचार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, फिर चाहे यह कब्ज हो या हृदय रोग। ऑनलाइन मंच जैसे कि यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऐसे चिकित्सकों, कंपनियों की बाढ़ आई हुई है और यह करना कानून का पूरी तरह उल्लंघन है। तथाकथित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स भी संभावित खतरनाक स्वास्थ्य उत्पादों के प्रचार में शामिल हो गए हैं। हालांकि, बड़ी दवा कंपनियां भी सीधे ढंग से विज्ञापन देने से बचती हैं लेकिन उन्होंने भी चोर रास्ते निकाल रखे हैं, जिसमें पैसे देकर बनवाई-चलवाई खबरें, मेडिकल सम्मेलनों को प्रायोजित करना और चिकित्सकों को अपनी दवाएं लिखने की एवज में उपहार देना इत्यादि शामिल है। कुछ साल पहले, स्वयं भारतीय मेडिकल संघ पर कुछ उत्पादों की प्रभावशीलता और नैतिकता संबंधी पक्ष पर ध्यान दिए बिना उनका अनुमोदन करने का इल्जाम लगा था।

हम लोग इस स्थिति में इसलिए नहीं हैं कि हमारे कानून नाकाफी या नख-दंतहीन हैं। बल्कि इसलिए हैं क्योंकि सरकार द्वारा इनकी अनुपालना करवाने में ढीलढाल की जाती है। नियामक एवं नियंत्रण करने वाले संस्थानों ने मुंह फेरना तय कर रखा है। कानून भी पुराने पड़ चुके हैं और इनमें समय-समय पर सुधार नहीं किया गया। इनकी प्रासंगिकता को लेकर बनी अनेक कमेटियों ने इन्हें और अधिक कड़ा बनाने की जरूरत बताई है। बेशक बदलाव की प्रक्रिया में समय लगता है किंतु वर्तमान प्रावधानों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग न करने के पीछे क्या वजह है। लेखक ने वर्ष 2008 में रामदेव द्वारा एचआईवी-एड्स को लेकर किए दावों पर सवाल उठाए थे। अम्बुमणि रामदॉस जो कि स्वयं प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे, ने रामदेव को इस बाबत मंत्रालय से नोटिस भी जारी करवाया था। लेकिन जल्द ही उन्होंने भी यू-टर्न लिया और गुरुग्राम में रामदेव द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया, वहां रामदेव ने फिर से एचआईवी-एड्स को ठीक करने के अपने दावे दोहराए। बृंदा करात, जो उस वक्त मार्क्सवादी पार्टी से सांसद थीं, उन्होंने भी उत्तराखंड सरकार से भ्रामक विज्ञापनों का मसला उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मौजूदा मामले में, केंद्र और राज्य सरकार नियामक एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई में ढिलाई बरती है और आपसी मिलीभगत से पतंजलि को अतिरंजित विज्ञापन देने की खुली छूट दिए रखी। केरल के स्वास्थ्य एवं आरटीए कार्यकर्ता डॉ. बाबू केवी ने पतंजलि के खिलाफ सिलसिलेवार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, उन्होंने पहले उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंस प्राधिकरण को लिखा कि वह बताए गए विज्ञापनों को हटवाए, लेकिन न तो पतंजलि आयुर्वेद ने अपना रवैया बदला और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई जबकि विभाग के पास अमल करवाने की शक्ति है। इतना ही नहीं, बल्कि प्राधिकरण ने पतंजलि को चोर रास्ता भी मुहैया करवाया। पतंजलि आयुर्वेद को जारी किया नोटिस 1954 के कानून के तहत न होकर दवा एवं प्रसाधन कानून की एक धारा विशेष के अंतर्गत बनाया गया, जिसको लेकर मुंबई उच्च न्यायालय में मामला पहले से लंबित है। पतंजलि आयुर्वेद ने इस कानूनी केस का हवाला देकर आड़ ली और अपना काम जारी रखा। उक्त नियम 2018 में एक संशोधन के जरिए जोड़ा गया था। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी दावों पर विज्ञापन जारी करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेना जरूरी है।

खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में मशहूर हस्तियों द्वारा प्रचार एक अन्य मुख्य चुनौती है। इस मामले में भी, खाद्य सुरक्षा नियामक का रुख ढीला-ढाला है। न्यूट्रास्यूटिकल्स और फूड सप्लीमेंट वह समस्या क्षेत्र है, जिस पर फौरी ध्यान देने की जरूरत है। मीडिया परिदृश्य के बदले स्वरूप और विज्ञापन के सीधे एवं असीधे ढंग के मद्देनजर हमें दवाओं, खाद्य उत्पाद और सप्लीमेंट्स से संबंधित विपणन और विज्ञापनों पर बने तमाम कानून एवं नियमों की बृहद पुनर्समीक्षा करनी होगी। इसमें भारतीय चिकित्सा पद्धति भी शामिल है।

नक्सलवाद: आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

योगेंद्र योगी

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष

2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित जिलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं।

माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरूआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को 'नक्सलवाद' के नाम से जाना जाता है। जमींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीड? पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ जिम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे जमीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजगार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मजबूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वजह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमजोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

भारतीय संस्कृति को जानने के लिए अमेरिकी छात्रों का दल पाराकमाल पहुँचा

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। संयुक्त राज्य अमेरिका से पाँच छात्रों का दल भारत दौरे पर आया हुआ है । भारतीय संस्कृति और उर्दू भाषा की शोध के लिए अमेरिकी छात्रों का दल शुक्रवार की देर शाम पाराकमाल पहुँचा । ग्रामीणों से रूबरू हुए और यहाँ की संस्कृति को नजदीक से समझा । दूसरे दिन आसमां ग्रुप कालेज गोरारी में छात्रों से संवाद किए । जौनपुर मुख्यालय पहुँचकर ऐतिहासिक धरोहर अटाला मस्जिद, शाही किला, राजा साहब की हवेली का अवलोकन किया । दरअसल अमेरिकी छात्रों का एक दल लखनऊ स्तिथ अमेरिकन सेंटर पर आया हुआ है । वहाँ से पाँच छात्रों का डेलिगेशन स्थानीय थाना क्षेत्र के पाराकमाल गांव निवासी डॉक्टर अब्दुल वहीद के आवास पहुँचा । यहाँ संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर अब्दुल वहीद ने उर्दू भाषा की साहित्य और भारत

के महान विद्वानों की भूमिका को विदेशी छात्रों को अवगत कराया । दूसरे दिन शनिवार को पूर्वाह्न आंसमा ग्रुप कालेज, अल्फारुक अकेडमी सबरहद में छात्रों से संवाद किया । इस दौरान आयोजित संस्कृति कार्यक्रम देखकर अमेरिकी छात्रों ने खूब प्रशंसा की । चूँकि इन छात्रों को उर्दू की अच्छी जानकारी थी इस वजह से उन्हें भाषा की कोई समस्या उतपन्न नही हुई । यहाँ छात्रों से संवाद में अमेरिकी डेलीगेट छात्रों ने कहा कि यहाँ की संस्कृति और विरासत बहुत ही निराली है, उर्दू साहित्य भाषा का भारतीय विद्वानों से सीखने का मौका मिला । तत्पश्चात इन छात्रों का दल ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन के लिए जिला मुख्यालय रवाना हो गया । इस मौके पर डॉक्टर फखरुद्दीन, एहतेशाम, अम्मार वहीद, फरहान, अरकम, जाकिर, अदनान समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

गांव में की पगडंडी, सीखा कुल्हड़ बनाने का गुर- खेतासराय(जौनपुर)। भारतीय संस्कृति को जानने की उत्सुकता लिए दौरे पर आया अमेरिकी छात्रों का दल ने गांव की पगडण्डी भी नापी, पाराकमाल के पश्चिम भरौटी में पप्पु राजभर के घर पहुँचकर कुल्हड़ बनाने की कला को सीखा । इन छात्रों ने तस्वीर को शूट करने में पीछे नही रहे । अमेरिका के अलग-अलग यूनिवर्सिटी के छात्रों का इस गांव में दौरे से जहाँ चर्चा का विषय बना रहा वही इन छात्रों के फरार्टेदार उर्दू बोलने से ग्रामीण और बच्चे खुश दिखे । इस मौके यह दल हर किसी से विभिन्न विषयों में प्रश्न करता दिखा । इनका दौरा गांव में आकर्षण का केन्द्र बना रहा ।

नगर पंचायत की गंम्भीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेता ने शासन को लिखा पत्र

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज स्थित नगर पंचायत आनन्दनगर के कर्मचारियों को 4 माह से वेतन भुगतान बाधित होने एवं कर्मचारियों द्वारा 3 माह से हड़ताल पर चले जाने के फलस्वरूप सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने एवं संवाद संस्था द्वारा पूर्व में उठाये गये विभिन्न प्रकरणों की जाँच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सन्दर्भ मे महराजगंज जिले के कांग्रेस पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष रामनरायण चौरसिया ने जिलाधिकारी महराजगंज सहित मुख्यमंत्री को लिखा पत्र। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि नगर पंचायत आनन्दनगर के अध्यक्ष के द्वारा दो लिपिको को निलम्बित कर दिया गया है, जिसके विरोधस्वरूप समस्त कर्मचारियों एवं आउटसोर्स कर्मियों का जनवरी माह से वेतन नहीं मिला है। अध्यक्ष का कहना है कि निलम्बित दो कर्मचारियों का वेतन काटकर ई0ओ0 महोदया द्वारा वेतन बिल प्रस्तुत किया जायेगा तभी मैं हस्ताक्षर करूंगी। आलोच्य है कि कर्तव्यनिष्ठ ई०ओ० महोदया के पदभार ग्रहण करते ही अध्यक्ष एवं ई०ओ० में विभिन्न मुद्दों को लेकर मतभेद उत्पन्न है। सफाई कर्मियों के हड़ताल के कारण 18 वार्डो के लगभग 50 हजार से ऊपर की जनसंख्या प्रभावित हो रही है। ई०ओ० महोदया ने 24 लाख के टैक्सी स्टैण्ड के बकाये में ठीकेदार के ऊपर आर०सी० जारी किया था। संवाद संस्था ने 10 अक्टूबर, 2023 को संस्था के पदाधिकारी जयप्रकाश लाल लोकतंत्र सेनानी एवं पूर्व अध्यक्ष आनन्दनगर, विजय सिंह एडवोकेट पी०सी-०सी० सदस्य एवं पूर्व सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ० रामनरायन चौरसिया ने पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों में गम्भीर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर डी०एम० महोदय को पत्रक दिया था जिसमें उन्होनें एस०डी०एम० महोदय को जाँचकर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। लेकिन अभी तक जाँच रिपोर्ट नहीं दिया उन्होंने शासन से अनुरोध किया है कि नगर की ध्वस्त सफाई व्यवस्था को ठीक कराने एवं कर्मचारियों का वेतन भुगतान कराने की कृपा करें।

निरीक्षण में पहुंचे डीआरएम को दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज स्थित आनंद नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर में पहुंचे। कुछ देर रुके और स्टेशन के अधिकारियों से जानकारी ली।पूरे निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन पर होने जा रहे सुंदरीकरण का जायजा लिया। इसी दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आनंद नगर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार चल रहा है। प्रवेश द्वार का भी विस्तार किया जाएगा। प्रवेश द्वार के पास ही 18 दुकानें बनी हुईं हैं। रेलवे ने इन दुकानों के पट्टे बीते दिनों निरस्त करने की तैयारी की है सुन्दरीकरण के कारण आनंद नगर में सात दशक से रेलवे परिसर में चली रही वैद्य दुकानों उजाड़ने लिये रेलवे द्वारा तैयारी की जा रही है इसी समस्यां को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन और नंदू पासवान ने बताया की जिससे बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्या सभी दुकानदारों कें सामने आ जाएंगी। उक्त सभी दुकानदार पिछले लगभग 75 वर्षों से इसी दुकान से अपनी जीविका चला रहे हैं. इन सभी के समस्या के प्रति सहानुभूतिपूर्वक पहल की जानी चाहिए. इससे पहले भी पिछली सरकारों में रेलवे विभाग ने सौंदर्यीकरण के

नाम पर कई दुकानों को तोड़ा था, परंतु खाली पड़े जमीनों पर दुकान आवंटित किया। इस दौरान मुरली मनोहर मिश्रा, शिवम जायसवाल, केदार कसौधन, सूरज चौरसिया,मोनू जायसवाल, विकास मोदवाल, दीपक मद्धेशिया, राजन सहित सभी दुकानदार उपस्थित रहे।

प्रदेश में 6 रैंक मिलने पर अनुज के परिवार व विद्यालय में खुशी का माहौल

पिंडरा। प्रदेश में इंटर की परीक्षा 6 वा स्थान व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त खालिसपुर स्थित संत नारायण बाबा इंटर कालेज का छात्र अनुज कुमार मिश्रा ने 96.8 फीसदी अंक प्राप्त कर क्षेत्र के साथ जिले का नाम रोशन किया। प्रतिदिन 6 से 8 घण्टे घर पढ़ाई करने वाला अनुज शुरू से ही मेधावी छात्र रहा। उसने हाईस्कूल की भी परीक्षा में भी जिले में 5वा स्थान प्राप्त किया था। इस सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षको के साथ माता पिता को देता है। परसरा निवासी पिता सुशील मिश्रा प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते वही माँ गांव के स्कूल में शिक्षामित्र है। अनुज की बड़ी बहन हर्षिता मिश्र ने भी 2018 में 10 वी की परीक्षा में जिले में 9

वा स्थान प्राप्त किया था। बहन की राह पर चलते अनुज भी आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है। इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहा है। बहन हर्षिता सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार गया से फिजिक्स से एमएससी कर रही है। किताबे पढ़ने व वैज्ञानिक खोजों के प्रति रुचि रखने वाले अनुज स्कूल स्तर पर भी कई मेधावी पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। स्कूल प्रबन्धक श्रीप्रकाश मिश्रा ने बताया कि मेरे स्कूल से प्रतिवर्ष जिले मेरिट में आते थे लेकिन इस बार प्रदेश के मेरिट में आने से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

छोटे-छोटे बच्चों ने ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व

पिंडरा। स्वीप अभियान के तहत पिंडरा ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्वारा शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर छात्र व छत्राओ ने लोगों को जागरूक किया।

स्वीप कार्यक्रम तहत मतदाता जागरूकता एवं स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ शनिवार को बीईओ विनोद कुमार मिश्र ने कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि शासन की मंशा के अनुरूप जहां स्वस्थ लोकतंत्र के विकास में शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है,वही निपुण भारत मिशन की संकल्पना को साकार करने के लिए बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन आवश्यक ही नहीं अपरिहार्य है। विद्यालय के नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने बीईओ पिंडरा को अपने नवाचारों व विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। निरीक्षण व्याख्या में बीईओ ने विद्यालय के लिए प्रेरक शब्द लिखा। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय चुप्पेपुर, बेलारी, हिरामनपुर, चकदुल्ला, वार, सहमलपुर, बाबतपुर एडी, घोघरी, शाहपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंधोरा, बेलारी समेत दो दर्जन विद्यालयों द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान छोटे छोटे बच्चे तख्तियों पर लिखे नारों से ग्रामीणों को जागरूक करते दिखे।

कूड़े की ढेर में अचानक लगी आग

बिल्थरारोड (बलिया)। आदर्श नगर पंचायत के चौधरी चरण सिंह तिराहे के समीप शुक्रवार की देर रात कूड़े की ढेर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही वहां अफरा तफरी मच गई। तेज आग की लपटों से लोग सहम गए। आसपास के लोगों की सहायता से सीयर पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार व सिपाहियों अंकुर वर्मा, प्रदीप मद्धेशिया, जनार्दन चौधरी, ने मिलकर आग पर काबू पाया । जानकारी के अनुसार नगर के चौधरी चरण सिंह तिराहे के समीप कूड़े का ढेर पड़ा हुआ था। कूड़े में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज पछुआ हवा के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। रात को कूड़े की ढेर से आग की लपटे निकलते देख लोग सहम गए तथा वहां अफरा तफरी मच गई। लोगों का शोर सुन सीयर पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार अपने सिपाहीयों को लेकर भी वहां पहुंच गए।पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास शुरू कर दिया।

दो पाटन के बीच में पीसते बेसिक स्कूल के नौनिहाल

वाराणसी। तेज धूप एवं भीषण तापमान के मद्देनजर शासन द्वारा व्यापक प्रचार- प्रसार तथा बचाव हेतु हीट स्ट्रोक एडवाजारी जारी की गयी है जबकि मौसम विभाग द्वारा शनिवार का अधिकतम तापमान 43त्बताया गया जिसके अनुसार बनारस सर्वाधिक तापमान वाला जिला रहा। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी वाराणसी ने उक्त का संज्ञान लेते हुए छात्र हित में कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी बोर्ड सहित परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तित कर प्रातः 7:30से अपराह्न 12:30 बजे तक निर्धारित कर कड़ाई से अनुपालन का निर्देश जारी किया था, जोकि माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व से ही लागू है' किन्तु बीते तीन दिन पहले शिक्षा निदेशक (बेसिक शिक्षा)उत्तर प्रदेश ने इसे टाइम एंड मोशन तथा जिला प्रशासन का बेजा दखल बताते हुए विद्यालय पुनः 8 बजे से 2 बजे तक संचालित करने का फरमान जारी कर दिया ' जिसका खामियाजा मासूम बच्चे भुगत रहे हैं और आये दिन बीमार व गर्मी से अचेत हो रहे हैं' जिसका खासा प्रभाव छात्र उपस्थिति पर भी पड़ रहा है। जबकि अभिभावक इसके लिए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को कोस रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह एवं जिलामंत्री डा शैलेन्द्र विक्रम सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर छात्र हित में बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालय का संचालन समय 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक किये जाने की मांग की है। प्रतिनिधि द्वय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की तुलना उन पंच सितारा ए सी बसों व कक्षा कक्ष में संचालित निजी विद्यालयों से कदापि न की जाय तथा नियम बनाते समय परिषदीय विद्यालयों की दुरूह भौगोलिक परिस्थितियों तथा काम चलाऊं संसाधनों का अवश्य ध्यान देना चाहिए।

श्री आदित्य नारायण सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, महेशपुर के छात्रों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

प्रखर दानगंज वाराणसी। यूपी बोर्ड ने आज कक्षा दसवीं और बारहवीं के बोर्ड का परिणाम घोषित किए हैं। विगत वर्षों कि तरह इस बार भी श्री आदित्य नारायण सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, महेशपुर धरसौना, चोलापुर बाईपास रोड से एक उच्च स्तरीय प्रदर्शन की खबर है। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कक्षा 10 के परिणाम में, श्री आदित्य नारायण सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 100% प्रतिशत प्रदर्शन किया है। इससे न केवल विद्यालय के बल्कि पूरे इलाके का भी गर्व बढ़ा है। कक्षा 12 के परिणाम में भी, छात्रों ने 99% प्रतिशत प्रदर्शन किया है। इस महत्वपूर्ण क्षण में, विद्यालय के समस्त शिक्षकों और अभिभावकों को उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद!

इस सफलता के पीछे विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई छात्र-छात्राओं का योगदान है। यहाँ कक्षा 10 और 12 के प्रदर्शन में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कुछ छात्रों का विवरण दिया गया है:

कक्षा 10:

1. रितिका पटेल -92%
2. गौरव पाठक -88%
3. अनुज पाठक -88%
4. खुशी पटेल- 87.80%
5. अंजली यादव -87.50%
6. अवंतिका मिश्रा - 87.33%
7. रवि प्रजापति -87.33%
8. अभय वर्मा -87%
9. अरविंद राम प्रजापति - 85.5%
10. आकिब शेख -85%

कक्षा 12:

1. शालिनी -86%
2. अमन कुमार पटेल -85%
3. आराध्या मिश्रा -81%
4. मनीषा पटेल -81 %
5. तनु बानो -75%
6. साक्षी पाण्डेय -75%
7. शान अंसारी -75%
8. खुशी यादव -75%

इन बच्चों ने अपने परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय को गर्वान्वित किया है। उन्हें बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।

नीरज शेखर के जन आशीर्वाद यात्रा का समर्थकों ने किया स्वागत

दुबहर, बलिया। बलिया संसदीय सीट पर भाजपा द्वारा राज्यसभा सांसद नीरज शेखर को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद शनिवार को उनके जन आशीर्वाद यात्रा का क्षेत्र के विभिन्न गांवों अखार - नगवा, बेयासी, किशुनीपुर, घोड़हरा, दुबहर,ओझा कछुआ, बसरिकापुर आदि ढालों पर गाजे-बाजे के बीच माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया गया। नीरज शेखर के जन आशीर्वाद यात्रा के अखार - नगवा ढाले पर पहुंचते ही पूर्व प्रधान सुनील सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित अखार - नगवा एवं आसपास के गांवों के समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत करते हुए चंद्रशेखर जिंदाबाद, नीरज शेखर जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं शिवपुर दियर नई बस्ती-बेयासी ढाले पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि देवनारायण सिंह पुन्ना, ध्रुव सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता पवन गुप्ता, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र यादव,आदि ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसी क्रम में ओझा कछुआ ढाले पर प्रधान प्रतिनिधि रजनीश कुमार पांडे "गबडू" ने अपने समर्थको के साथ जोरदार स्वागत किया।

संक्षिप्त खबरें

सफाईकर्मी की बेटी ने जिले में बनाया प्रथम स्थान

पिंडरा। जिले के हाईस्कूल की मेरिट में सफाईकर्मी के बेटी खुशी यादव के प्रथम स्थान मिलने पर घर के साथ गांव में भी खुशी का माहौल दिखा। खुशी को सफलता की जानकारी प्रधानाचार्या निर्मला सिंह से मिली। हाईस्कूल की परीक्षा में 96.70 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली खुशी दबेथुवा स्थित देवदत्त बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है। बरजी निवासी सफाईकर्मी कन्हैयालाल व ग्रहणी सरोज देवी की पुत्री दो बहनों और एक भाई के बीच दूसरे नम्बर की है। वह इस सफलता का श्रेय माता पिता के आशीर्वाद व षिक्षको के स्नेह को देती हैं। घर मे काम अधिक होने के कारण प्रतिदिन मात्र 3 से 4 घण्टे पढ़ाई करने वाली खुशी आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती है।उसे हाईस्कूल में 600 में 577 नम्बर मिले है।

हाईस्कूल में जिले में पहला स्थान प्राप्त खुशी यादव।

बारातियों से भरी बस नहर में गिरी, हादसा टला

प्रखर डेस्क। थाना क्षेत्र के कटघर - बुदहट टू-लेन सड़क पर सरैया गांव के पास बारातियों से भरी बस नहर में गिर गई, फिलहाल हादसा टल गया कोई हताहत नहीं हुआ, सभी बाराती सुरक्षित है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़ी बरौली से शुक्रवार को महुली संतकबीरनगर बस से बारात गई थी, रात में वापस लौटते समय सरैया गांव के पास मोड़ पर बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, हादसा टल गया सभी बाराती सुरक्षित हैं। आये दिन यहां इस मोड़ पर दुर्घटना होती रहती है।

नेयाज ताहिर शैखू को कांग्रेस पार्टी ने बनाया प्रचार मीडिया पैनल का सदस्य

जौनपुर। शहर के पूर्व नगर अध्यक्ष पद पर रहने वाले तेजतर्रार वक्ता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेयाज ताहिर शैखू को कांग्रेस पार्टी ने जिला प्रचार मीडिया पैनल में जगह दी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने एक पत्र जारी कर-के बताया कि प्रदेश में चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित प्रचार प्रसार एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग द्वारा लोकसभा सदर जौनपुर से नेयाज ताहिर शैखु को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सूचना मिलने पर उनके शुभचिंतकों और पार्टी कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त हो गया।

दानगंज में छात्र व अध्यापकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी

प्रखर दानगंज वाराणसी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय दानगंज, चोलापुर, वाराणसी के छात्र व अध्यापकों द्वारा स्कूल चलो अभियान के साथ मतदाता जागरूकता रैली एवं संचारी रोग सुरक्षा संदेश रैली निकाली गई जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों के साथ इंचार्ज प्रधान अध्यापिका उषा देवी एवं समस्त सहायक अध्यापक गण राजकुमार प्रसाद, सरिता सिंह, मृदुला जायसवाल, इंदू, जागृति देवेंद्र कुमार चौबे आदि रैली में शामिल रहे व भली भांति संचालित किया।

यू०पी० बोर्ड परीक्षा में आलमाइटी के छात्र सूर्यनारायण का जनपद में 9वां स्थान

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। आलमाइटी पब्लिक इण्टर कालेज बृजमनगंज के छात्र - छात्राओं ने विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी यू०पी० बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर पूरे जनपद में विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इण्टरमीडिएट में ग्राम करमहा टोला जुनर्बी निवासी सूर्यनारायण यादव पुत्र जगदीश यादव ने 95.00% अंक अर्जित कर जनपद में 9वां तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शाहिद रजा 94.6% द्वितीय स्थान रजनीश सिंह 93.4%अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान, राहुल 93% चौथा तथा शक्ति 92.8% अंक प्राप्त कर पाँचवे स्थान पर रहे। हाईस्कूल में ग्रामसभा मटिहनवा टोला गोलसागर निवासी रामअवतार यादव पुत्र रमेश यादव 94.16% अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रभात पाण्डेय एवं अनिकेत सहानी 92.33 % द्वितीय स्थान,विशाल विश्वकर्मा एवं आदित्य कुमार 91.33% तृतीय स्थान,ओबैद खान 91.16% चौथा स्थान तथा शिवकुमार यादव ने 90.83% अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया।उक्त सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक महमूद आलम, प्रधानाचार्य सुनील कुमार तथा समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने समस्त छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

गायत्री ज्ञानपीठ इंटर कालेज सुखपुरा के आदित्य शर्मा ने यूपी बोर्ड रिजल्ट 10वी में जिले में 5वां स्थान किया प्राप्त

सुखपुरा (बलिया)। यूपी बोर्ड रिजल्ट में गायत्री ज्ञानपीठ इंटर कॉलेज सुखपुरा ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सफलता का परचम लहराया। गायत्री ज्ञानपीठ इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के छात्र आदित्य शर्मा पुत्र लालचंद शर्मा जो ग्राम शिवपुर के रहने वाले हैं,ने जिले में पांचवां स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय माता पिता तथा गुरुजनों का नाम रोशन किया।

संक्षिप्त खबरें

भारत नहीं भेज रहे चुनाव पर्यवेक्षक : अमेरिका

वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भारत में जारी लोकसभा चुनावों के बीच कहा कि वह वहां कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा है। हालांकि वह भारत में साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, मुझे अमेरिका द्वारा कोई पर्यवेक्षक भेजे जाने की जानकारी नहीं है। हम भारत जैसे उन्नत लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के मामले में आम तौर पर ऐसा नहीं करते है। उन्होंने कहा, हम भारत में अपने साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए निश्चित रूप से उत्सुक है। भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शुक्रवार को देश की 102 सीट पर मतदान हो रहा है।

पीओके में सड़क हादसा, 7 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में वैन के खाई में गिरने से सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 22 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बचाव दल ने कहा कि दुर्घटना मुजफ्फराबाद के गढी दुपट्टा इलाके में हुई जब एक यात्री वैन पहाड़ी इलाके में सड़क से उतर गई और नीचे घर की छत पर गिर गई। इसमें कहा गया है कि मृतकों में एक व्यक्ति वो भी है जो उस घर में था, जिस पर बस गिरी। बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना के बाद, बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। तीन घायलों की हालत गंभीर है।

सीरिया में सरकार समर्थक 28 लड़ाके मारे गए

बेरूत। सीरिया में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के संदिग्ध हमलों में सरकार समर्थक 28 लड़ाके मारे गए। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने शुक्रवार को कहा, गुरुवार देर रात एक सैन्य बस पर हुए हमले में 22 सीरियाई सैनिक और सहयोगी लड़ाके मारे गए। देश के पूर्वी हिस्से में अल-तैयबा शहर के पास हुए हमले में सात अन्य लोग घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी सीरियाई प्रांत दीर अल-जौर में एक दूसरे हमले में छह सीरियाई सैनिक मारे गए। हमलों की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है। लेकिन ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि हमलों के पीछे इस्लामिक स्टेट समूह का हाथ होने की संभावना है।

ऑस्ट्रेलिया में 20 से अधिक किशोर गिरफ्तार

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड के गोल्ड कोस्ट में किशोर अपराधियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में 20 से अधिक किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 25 मार्च से 14 अप्रैल के बीच गोल्ड कोस्ट में विशेषज्ञ कार्यबल तैनात किया गया, जिसने 92 मामलों में 23 युवाओं और 12 मामलों में तीन वयस्कों को गिरफ्तार किया। क्वींसलैंड पुलिस के अनुसार, टास्कफोर्स में राज्य पुलिस बल के विशेषज्ञ जांचकर्ता और पेशेवर युवा न्याय कार्यकर्ता शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि 2022-23 में क्वींसलैंड में 10 से 17 वर्ष की आयु के 10,878 अपराधी थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है।

फिलिस्तीन को संरा की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका का वीटो

■ प्रस्ताव के समर्थन में पड़े 12 वोट, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन मतदान से रहे दूर

संयुक्त राष्ट्र(भाषा)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में फिलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ अमेरिका के 'वीटो' का इस्तेमाल किया है। अमेरिका के इस कदम का जहां इस्राइल ने सराहना की वहीं फिलिस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। प्रस्ताव के पारित होने पर 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा यह सिफारिश करती कि फिलिस्तीन को इस वैश्विक संस्था के सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए। सुरक्षा परिषद के कुल 15 सदस्य देश है। प्रस्ताव के समर्थन में 12 वोट पड़े, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन ने मतदान से दूरी बना ली और अमेरिका ने 'वीटो' किया। मसौदा प्रस्ताव को पारित करने के लिए इसके समर्थन में सुरक्षा परिषद के कम से कम नौ सदस्यों के वोट देने की जरूरत थी और यूएनएससी के पांच स्थाई सदस्य देशों में से किसी को भी अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना था। सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका है।

पूर्ण सदस्य देश का दर्जा प्राप्त करने की फिलिस्तीन की कोशिश वर्ष 2011 में शुरू हुई थी। फिलिस्तीन अभी गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2012 में उसे यह दर्जा प्रदान किया था। यह दर्जा फिलिस्तीन को वैश्विक संस्था की कार्यवाहियों में भाग लेने की अनुमति देता है लेकिन यह संयुक्त राष्ट्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में एक और गैर-सदस्य पर्यवेक्षक देश होली सी है जो वेटिकन का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इस्राइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने अमेरिका के 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करने की सराहना करते हुए प्रस्ताव को शर्मनाक करार दिया। काट्ज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, होलोकास्ट की घटना के बाद से यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार की घटना के करीब छह माह पश्चात और हमास आतंकियों के यौन अपराध एवं अत्याचार करने के बाद, फिलिस्तीन को यह दर्जा देने का प्रस्ताव आतंकवाद को बढ़ावा देता।

वहीं अमेरिकी राजदूत एवं विशेष राजनीतिक मामलों के लिए वैकल्पिक प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने कहा कि वाशिंगटन द्विराष्ट्र के सिद्धांत का पुरजोर समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह मतदान फिलिस्तीन को एक देश के रूप में दर्जा देने के विरोध को प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि इसके बजाय यह इस बात की पुष्टि करता है कि यह दोनों पक्षों के बीच सीधी वार्ता से होना चाहिए। वुड ने कहा कि इस बारे में अनसुलझे सवाल है कि क्या फिलिस्तीन राष्ट्र का दर्जा पाने की अर्हता पूरी करता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अमेरिका के 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह अनुचित और अनैतिक है तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय की इच्छा की अवज्ञा करता है। फिलिस्तीन के स्थाई पर्यवेक्षक रियाद मंसूर ने कहा, हमारा आत्म-निर्णय का अधिकार कभी भी सौदेबाजी या बातचीत का विषय नहीं रहा है। हमारे भू-भाग फिलिस्तीन में एक स्वतंत्र देश के रूप में जीने का अधिकार है, जो मुक्त एवं संप्रभु है। आत्म-निर्णय के हमारे अधिकार को हमसे अलग नहीं किया जा सकता।

फिलिस्तीन ने दो अप्रैल 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस को एक पत्र भेजकर पूर्ण सदस्यता की अपनी अर्जी पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था। गुतरेस ने पश्चिम एशिया पर सुरक्षा परिषद की बैठक में अपनी टिप्पणी में चेतावनी दी कि क्षेत्र में स्थिति नाजुक है। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा है कि सात अक्टूबर 2023 से 17 अप्रैल 2024 तक गाजा में 33,899 फिलिस्तीनी मारे गए है और 76,664 फिलिस्तीनी घायल हुए है। वहीं, पिछले साल सात अक्टूबर को इस्राइल में किये गए हमास के हमले में 1,200 से अधिक इस्राइली और अन्य देशों के नागरिक मारे गए। मृतकों में 33 बच्चे भी शामिल है।

सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती

■ संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा

वॉशिंगटन (भाषा)। अमेरिका की शीर्ष राजनयिक ने भारत के इस रुख का समर्थन किया है कि 70 साल पहले की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन जी-4 सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष निकाय का स्थायी सदस्य बनाने का समर्थन करता है।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने टोक्यो में एक भाषण के दौरान संकेत दिया कि सुरक्षा परिषद में रूस और चीन ही केवल ऐसे देश है जो संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्यीय शक्तिशाली शाखा के विस्तार का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा, पहले अमेरिका, चीन और रूस इस बात पर सहमत थे कि हम सुरक्षा परिषद में बदलाव नहीं देखना चाहते, लेकिन 2021 में अमेरिका ने अपने इस रुख में बदलाव किया और हमने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा परिषद और व्यापक रुप से संयुक्त राष्ट्र में सुधार महत्वपूर्ण है। ग्रीनफील्ड ने कहा, 70 साल पहले की सुरक्षा परिषद आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिबित नहीं करती। हमारे पास 193 (सदस्य देश) है। परिषद में अफ्रीका के पास स्थाई सीट नहीं है, लातिन अमेरिका के पास स्थाई सीट नहीं है और दुनिया भर के कई अन्य देशों और क्षेत्रों का परिषद में उचित प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने कहा, हमने तथाकथित जी-4 के सदस्यों जापान, जर्मनी और भारत (और ब्राजील) के साथ अपनी चर्चा में स्पष्ट कर दिया है कि हम सुरक्षा परिषद में उनके स्थाई सदस्य बनने का समर्थन करते है।

भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षो से जारी प्रयासों में सबसे आगे रहा है। उसका कहना है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने का हकदार है और परिषद अपने मौजूदा स्वरूप में 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती।

कराची में जापानी नागरिकों के वाहनों पर आत्मघाती हमला

■ हमले में सुरक्षा गार्ड की मौत, सुजुकी मोटर्स के जापानी कर्मचारी बाल-बाल बचे

कराची (भाषा)। पाकिस्तान में सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को जापान के पांच नागरिक आतंकवादियों के आत्मघाती हमले में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'सुजुकी मोटर्स' के लिए काम कर रहे पांच जापानी नागरिकों की वैन को आत्मघाती हमलावर और बंदूकधारी ने निशाना बनाया। यह देश में विदेशी नागरिकों पर हमले की ताजा घटना है। उप महानिरीक्षक (पूर्व) अजफर महेसर ने बताया कि आतंकवादी पहले से ही लांधी में मुर्तजा चोरंगी के पास सड़क पर वैन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स के लिए काम करने वाले जापानी नागरिकों को ले जा रहे वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया। उप महानिरीक्षक महेसर ने कहा, सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित है। पांचों जापानी नागरिक जमजमा, क्लिफ्टन में अपने निवास से निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र जा रहे थे। जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि तीन लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया है। जियो न्यूज ने अस्पताल प्रशासन के हवाले से बताया कि घायलों में से एक 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य घायल को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

जिन्ना अस्पताल के आपातकालीन प्रभारी नोशीन ने पुष्टि की कि दुर्घटना में कोई विदेशी नागरिक घायल नहीं हुआ है। टोक्यो में जापानी मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने बताया कि इस घटना में कई जापानियों को निशाना बनाया गया और उनमें से एक घायल हुआ है। 'क्योदो' समाचार एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) प्रभारी रजा उमर खत्ताब ने बताया कि जापानी नागरिक तीन कारों के काफिले में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा, आत्मघाती हमलावर और उसका साथी पहले से ही इलाके में मौजूद थे। जब उन्होंने कारें देखी तो आत्मघाती हमलावर ने हमला कर दिया।अधिकारी ने बताया कि जब आत्मघाती हमलावर अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो उसका साथी घबरा गया और उसने गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि इसके बाद अधिकारियों ने दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने कहा, "मुझे पता चला कि आतंकवादी ने लगभग 15 गोलियां चलाईं। इसके अलावा, उसके पास कुछ हथगोले भी थे। आतंकवाद रोधी विभाग के उप महानिरीक्षक आसिफ ऐजाज शेख ने कहा कि जापानी नागरिक दो सुरक्षाकर्मियों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे तभी आतंकवादियों ने उनकी वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। उन्होंने बताया कि अभी किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जापानी नागरिकों का वाहन बुलेट फ्रूट था। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री एवं पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने जापानी नागरिकों पर हमले की निदा की और त्वरित प्रतिक्रिया से हमले को विफल करने के लिए पुलिस की प्रशंसा की। छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हाल के वर्षों में हमले तेज कर दिए है।

ईरान के परमाणु स्थल के पास इस्राइल का हमला

■ ईरान ने बचाव में ड्रोनों पर साधा निशाना, नुकसान नहीं होने का किए दावा

दुबई (एपी)। ईरान ने इस्फहान शहर के पास शुक्रवार तड़के ड्रोन देखने के बाद प्रमुख वायु सेना अड्डे और परमाणु स्थल के बचाव में उन पर हमला किया। ये ड्रोन ईरान के अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद इस्राइली हमले के तहत दागे माने जा रहे हैं। ईरान के किसी भी अधिकारी ने इस आशंका को प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार नहीं किया है कि इस्राइल ने हमला किया है और इस्राइली सेना ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध और सीरिया में ईरान को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बीच शनिवार को इस्राइल पर हुए हमले होने के बाद से तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के अधिकारियों ने शुक्रवार को सुबह इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन अमेरिकी ब्रॉडकास्ट नेटवर्क ने कुछ अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इस्राइल ने हमला किया था।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के 85वें जन्मदिन पर हमले के दावे के लिए कुछ इजराइली अधिकारियों का हवाला दिया लेकिन उनका नाम भी नहीं बताया गया। इस्राइल नेताओं ने भी अपने बयानों में संकेत दिया कि उनके देश ने हमला किया। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार, ड्रोन हवा में दागे जाने की खबरों पर कई प्रांतों में वायु रक्षा बैटरियां दागी गईं। ईरान के सैन्य कमांडर जनरल अब्दुलरहीम मूसावी ने कहा कि चालक दल के सदस्यों ने उड़ने वाली अनेक वस्तुओं को निशाना बनाया। मूसावी ने कहा, इस्फहान के आसमान में सुबह हुआ विस्फोट संदिग्ध वस्तु पर हवाई रक्षा प्रणाली के हमलों के जवाब में हुआ था जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इस्फहान में ईरान की 'यूरेनियम कन्वर्सन फैसिलिटी' तीन छोटे, चीन की आपूर्ति वाले अनुसंधान रिएक्टर का परिचालन करती है। यहां ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम के लिए ईंधन उत्पादन और अन्य गतिविधियों को संचालित किया जाता है। इस्फहान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थल भी है जिनमें भूमिगत 'नतांज' संवर्धन स्थल शामिल है जिस पर संदिग्ध इस्राइली हमले बार-बार होते रहे है।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस से हाथ मिलाते ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन।

सरकारी टेलीविजन ने क्षेत्र के सभी परमाणु स्थलों को 'पूरी तरह सुरक्षित' करार दिया। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने भी कहा, घटना के बाद ईरान के परमाणु स्थलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

ईरान के तेहरान, इस्फहान व शिराज से उड़ानें रद्द

तेहरान(वार्ता)। ईरान की राजधानी तेहरान तथा इस्फहान और शिराज शहरों की उड़ानें अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दी गई हैं। ईरान हवाई अड्डों और एयर नेविगेशन कंपनी के जनसंपर्क प्रमुख रेजा कारघ्यार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने कारघ्यार के हवाले से कहा कि तेहरान, इस्फहान और शिराज के हवाई अड्डों के साथ-साथ देश के पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में हवाई अड्डों के लिए भी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे तक सेवाओं का संचालन बंद रहेगा।

ईरान पर हमले की सूचना आखिरी क्षणों में दी : इटली

कैप्री (एपी)। अमेरिका ने जी-7 समूह के विदेश मंत्रियों से शुक्रवार को कहा कि ईरान में ड्रोन हमले के बारे में इस्राइल से उसे आखिरी क्षणों में सूचना मिली। इटली के मंत्री ने यह जानकारी देते हुए कहा, अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। उसे महज इसकी सूचना मिली थी। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने समूह के सदस्य देशों की बैठक में शुक्रवार सुबह के सत्र में यह सूचना दी। संदिग्ध हमले से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए सत्र का एजेंडा अंतिम क्षणों में बदल दिया गया।

यूक्रेन ने किया रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराने का दावा

■ रूस ने किया यूक्रेन के दावे का खंडन, कहा- खराबी आने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त

कीव (एपी)। यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराया है। दूसरी ओर रूस के अधिकारियों ने दावा किया कि एक लड़ाकू विमान मिशन के बाद खराबी आने के कारण कम आबादी वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

दो साल से अधिक समय के युद्ध के दौरान रूसी युद्धक विमानों को मार गिराने संबंधी यूक्रेन के पिछले दावों का रूस ने खंडन किया है। इस बीच, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूसी मिसाइल से यूक्रेन के मध्य निप्रो क्षेत्र के शहरों पर हमला किया गया, जिसमें आठ वर्षीय एक लड़की सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन ने कहा कि वायुसेना और सैन्य खुफिया विभाग ने विमान भेदी मिसाइल के जरिए टीयू-22एम3 बमवर्षक को मार गिराने में सहयोग किया। रूस आमतौर पर अपने हवाई क्षेत्र के अंदर से यूक्रेनी लक्ष्यों पर के एच-22 क्रूज मिसाइल दागने के लिए बमवर्षक का इस्तेमाल करता है।

यह विमान परमाणु हथियार भी ले जा सकता है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धक विमान यूक्रेनी सीमा से सैकड़ों किलोमीटर (मील) दूर स्टावरोपोल के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार, चालक दल के तीन सदस्यों को विमान से बाहर निकलने के बाद बचा लिया गया और चौथे की तलाश की जा रही है। स्टावरोपोल के गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने हालांकि कहा कि बचाए गए पायलटों में से एक की मौत हो गई।

जातिगत भेदभाव की शिकायत पर कंपनी मालिक पर केस

मुंबई (भाषा)। पुलिस ने जाति के आधार पर भेदभाव किये जाने की शिकायत के बाद यहां एक कंपनी की मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी' के एक कर्मचारी ने जाति के आधार पर भेदभाव किये जाने का आरोप लगाया है जिसके बाद कंपनी की मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गोरेगांव इलाके में स्थित कंपनी की मालिक ने 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर जातिगत पूर्वाग्रह दिखाते हुए एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से कहा कि उस व्यक्ति को उस दिन अपनी नियोक्ता से व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला जिसमें पूछा गया कि क्या वह एससी (अनुसूचित जाति) समुदाय से है। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति ने हां में जवाब दिया, तो कंपनी की मालिक ने कहा कि वह 'पिछड़े' समुदाय के लोगों को नौकरी पर नहीं रखती है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया, व्हाट्सएप पर संदेशों के आदान-प्रदान के दौरान नियोक्ता ने कहा, 'मैं जय भीम वाले को जॉब पर नहीं रखती'।'

यूएई में भारतीय दूतावास ने नागरिकों को दी यात्रा से बचने की सलाह

अबू धाबी (भाषा)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने शहर में इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों को गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का परामर्श जारी किया है।

संयुक्त अरब अमीरात इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश से उबरने की कोशिश कर रहा है जिसके कारण दुबई और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइन से पुष्ट सूचना मिलने के बाद ही हवाई अड्डे से यात्रा कर सकते है। परामर्श में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों की संख्या को अस्थाई रूप से सीमित कर दिया गया है। दूतावास ने परामर्श में कहा, दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले या वहां से आने वाले भारतीय यात्रियों को परिचालन सामान्य होने तक गैर-आवश्यक यात्रा को पुनर्निर्धारित करने की सलाह दी जाती है। इसमें कहा गया है, दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने 17 अप्रैल से आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की है।

यूएई में रिकॉर्ड तोड़ बारिश, फिलीपींस के तीन नागरिकों की मौत

अबू धाबी (वार्ता)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में इस सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण दुबई में काम करने वाले फिलीपींस के तीन नागरिकों की मौत हो गई है। प्रवासी श्रमिक विभाग (डीएमडब्ल्यू) के प्रभारी अधिकारी हंस कैकडैक ने बताया कि दो महिलाओं की कार के अंदर फंस जाने के बाद दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत उसके वाहन के सिंकहोल से टकराने के बाद हुई। उन्होंने बताया कि दुबई और अबू धाबी स्थित उनका कार्यालय फिलीपींस दूतावास और महावाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुबई में फिलीपीन्स के 648,929 नागरिक हैं। किसी ने भी स्वदेश वापसी का अनुरोध नहीं किया है

गुजरात : कारोबारी और स्कूली बच्चे सहित 35 लोग बनेंगे जैन भिक्षु

■ इनमें दस लोगों की उम्र 18 साल से कम है

अमहदाबाद (भाषा)। गुजरात में 11 साल के एक लड़के और एक धनवान दंपति सहित जैन समाज के 35 लोग 22 अप्रैल को गृहस्थ जीवन छोड़कर दीक्षा लेंगे और जैन भिक्षु बन जाएंगे। एक धार्मिक न्यास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

गुजरात और महाराष्ट्र के जैन समुदाय के सदस्यों के लिए पांच दिवसीय दीक्षा समारोह बृहस्पतिवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर 'अध्यात्म नगरी' में शुरू हुआ जो 22 अप्रैल को समाप्त होगा। सूरत से संचालित न्यास श्री अध्यात्म परिवार ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 35 लोग जैन मुनि आचार्य विजय योगतिलकसूरीश्वरजी महाराज से दीक्षा लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 35 लोगों में दस की उम्र 18 साल से कम है। इनमें भी सबसे छोटा 11 साल का लड़का है।

भिक्षुक बनने वाले किशोरों में सूरत के 13 वर्षीय हेत शाह भी है। हेत ने 'उपधान तप' करने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके तहत व्यक्ति को 47 दिन तक घर से दूर एक संन्यासी की तरह रहना पड़ता है। हेत की मां रिम्पल शाह ने बताया, उसे स्कूल और आध्यात्मिक गतिविधियों में संतुलन बनाने में कठिनाई हो रही थी इसलिए उसने हमारे गुरुओं के साथ रहने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढाई छोड़ दी। फिर उसने सांसारिक जीवन से दूर रहने की इच्छा व्यक्त की। वह हमारी इकलौती संतान है, लेकिन हमने उसकी इच्छा को स्वीकार किया क्योंकि हम मानते है कि एक भिक्षु के जीवन से बेहतर कुछ भी नहीं है।

दीक्षा समारोह के दौरान पांच दंपति भी अपना कारोबार बंद और घर छोड़कर सांसारिक जीवन का त्याग करेंगे और दीक्षा ग्रहण करेंगे। अहमदाबाद के कारोबारी भावेश भंडारी (46) और उनकी पत्नी जीनल (43) अपने बच्चों का अनुकरण करते हुए रियल एस्टेट का कारोबार छोड़ दीक्षा ग्रहण करेंगे। भंडारी का बेटा और बेटी ने 2021 में दीक्षा ली थी। भावेश ने कहा, हमने देखा कि हमारे बच्चे किस तरह भिक्षुक के तौर पर प्रसन्न जीवन बिता रहे है। यह गलत धारणा है कि हम बिना पैसे एवं सुख सविधाओं के खुशी से जीवन नहीं बिता सकते। हमारे गुरुओं की दीक्षा ने भी हमें यह फैसला लेने में मदद की। अब मेरे पिता एवं बड़े भाई मेरे कारोबार को देखेंगे।

भारतीय मूल के प्रोफेसर उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

ह्यूस्टन (भाषा)। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो चुना गया है। विश्वविद्यालय ने यह जानकारी दी।

विश्वविद्यालय ने बताया कि 'ग्लोबल एनर्जी' पुरस्कार विजेता और मूल रूप से कर्नाटक के गांव निवासी प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया है।

अकादमी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ऊर्जा में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान करता है जो संपूर्ण मानव जाति के हित में पृथ्वी पर ऊर्जा स्रोतों के लिए अधिक दक्षता और पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है। राजशेखर ने कहा, जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसका मै बहुत सम्मान करता हूं। राजशेखर को 2022 में 'ग्लोबल एनर्जी एसोसिएशन' ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

केन्या में सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त सैन्य प्रमुख समेत दस की मौत

■ राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की तीन दिवसीय शोक की घोषणा

नैरोबी (वार्ता)। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए 10 वरिष्ठ कमांडरों में सैन्य प्रमुख फ्रांसिस ओगोला की मृत्यु की भी पुष्टि की है। रूटो ने कहा कि केन्या रक्षा बल (केडीएफ) के प्रमुख ओगोला 11 अन्य सैन्य कर्मियों के साथ केडीएफ युई हेलीकॉप्टर पर सवार थे। हेलीकॉप्टर ने एल्गेयो मारकवेट काउंटी के स्थानीय प्राथमिक विद्यालय से उड़ान भरने के बाद दापेहर 2:20 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि दुर्घटना में सेना प्रमुख ओगोला समेत 10 सैन्य अधिकारी शहीद हो गए है। जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए है और अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्र के लिए बहुत दुखद क्षण है। सेना प्रमुख ओगोला डाकुओं से लड़ने के लिए अशांत क्षेत्र में तैनात सैनिकों से मिलने और स्कूल के नवीकरण कार्य का निरीक्षण करने के लिए सुबह नैरोबी से रवाना हुए थे। केन्या वायु सेना ने दुर्घटना का कारण पता लगाने के लिए विमानन जांच दल का गठन किया है और उसे दुर्घटनाग्रस्त क्षेा में भेजा है।

रूटो ने शहीद जनरल के जीवन और विशिष्ट सैन्य करियर के सम्मान में शुक्रवार से तीन दिवसीय शोक की घोषणा की। जिन्होंने न केवल पद पर रहते हुए बल्कि सक्रिय सैन्य कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन न्यौछावर किया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि केडीएफ हेलीकॉप्टर दो किलोमीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अशांत एल्गेयो मारकवेट-पश्चिम पोकोट सीमा के पास एक क्षेत्र से उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद उसमें आग लग गई।

रूसी हमले में यूक्रेन में आठ लोगों की मौत

कीव (आईएएनएस)। दक्षिणी यूक्रेन में शुक्रवार तड़के रूसी हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र के गवर्नर सेरही लिसाक ने टेलीग्राम पर बताया कि हमले में राजधानी निप्रो में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। इस दौरान पांच मंजिला इमारत ध्वस्त हो गई। रेलवे स्टेशनों को भी निशाना बनाया गया। डीनिप्रो में मुख्य रेलवे स्टेशन बंद कर दिया गया और लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, हमले में सिनेलनीकोव शहर में भी छह लोग मारे गए। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पावलोह्रद में एक फैक्ट्री और क्रिवी रिह में एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि अगर उनके सहयोगी उनकी मदद करें तो इस्राइल की तरह ही यूक्रेन में भी हवाई हमले रोके जा सकते हैं। गवर्नर लिसाक ने कहा कि यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने नौ रूसी मिसाइलों को मार गिराया।

संक्षिप्त खबरें

संतोष विश्वनाथन इंटेल के भारत में प्रबंध निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। कंप्यूटर चिप विनिर्माता इंटेल ने संतोष विश्वनाथन को भारत के लिए कंपनी का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। विश्वनाथन करीब 21 वर्ष से इंटेल से जुड़े हैं। इंटेल ने एक बयान में कहा, " इंटेल ने इस साल मार्च में भारत की तीव्र वृद्धि तथा व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपने एसएमजी (बिक्री, विपणन और संचार समूह) संगठन के भीतर उसे एक अलग क्षेत्र के तौर पर मान्यता देने की घोषणा की थी। संतोष विश्वनाथन नवगठित भारत क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। वह इसके उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक होंगे.."

बांगुर सीमेंट का मतदान के लिए प्रेरित करने को नया कैंपेन

कोलकाता। बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा।

केनरा बैंक ने शेयर विभाजन के लिए रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की पात्रता तय करने को लेकर रिकॉर्ड तिथि 15 मई तय की है। शेयरों की खरीद-बिक्री में तेजी लाने के मकसद से शेयर विभाजन किया जा रहा है। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि बैंक के निदेशक मंडल ने फरवरी में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले मौजूदा शेयरों को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच शेयरों में विभाजित करने की मंजूरी दी थी। आरबीआई ने 16 अप्रैल, 2024 को शेयर विभाजन के लिए अपनी मंजूरी दी थी। सरकार की केनरा बैंक में 62.93 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि शेष हिस्सेदारी सार्वजनिक शेयरधारकों के पास है।

आईनॉक्स विंड को मिला 210 मेगावाट पवन परियोजना का ठेका

नई दिल्ली। पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) से फिर 210 मेगावाट का ठेका हासिल किया है। बयान में कहा गया, इसके अतिरिक्त आईनॉक्स विंड इसके पूरा होने के बाद बहु-वर्षीय संचालन तथा रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं भी प्रदान करेगा। बयान के अनुसार, यह ठेका (आईडब्ल्यूएल) आईनॉक्स विंड लिमिटेड के अत्याधुनिक तीन मेगावाट विंड टर्बाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) के लिए है। इस दायरे में कुछ अन्य सेवाओं के साथ उपकरण आपूर्ति शामिल है। आईनॉक्स विंड के सीईओ कैलाश ताराचंदानी ने कहा, 'हम लंबे समय से साझेदार हीरो फ्यूचर एनर्जीज से 210 मेगावाट का ठेका दोबारा मिलने की घोषणा करते हुए काफी खुश हैं। यह ठेका हमारे 3एमडब्ल्यू डब्ल्यूटीजी में विश्वास को मजबूत करता है, जो अपनी श्रेणी के सबसे कुशल टर्बाइनों में से एक है।"

महाधन एग्रीटेक ने विशेष उर्वरकों के लिए हाइफा समूह से हाथ मिलाया

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र की कंपनी महाधन एग्रीटेक लि. ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अन्य देशों में फसलों की उपज बढाने के मकसद से उसने विशेष उर्वरकों को बढावा देने के लिए इजराइल स्थित हाइफा समूह के साथ गठजोड़ किया है। महाधन एग्रीटेक लि. (एमएएल) दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लि. के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी है। डीएफपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शैलेश सी मेहता ने एक बयान में कहा, 'हमारा मानना है कि यह साझेदारी कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगी जिससे किसान सशक्त होंगे।' उन्होंने कहा कि एमएएल-हाइफा की पेशकश पानी की किल्लत की स्थिति में कृषि गतिविधियों का समर्थन करेगी और पौधों में पोषक तत्वों के अवशोषण और उपयोग दक्षता में भी काफी वृद्धि करेगी।

(एजेंसियां)

विप्रो को 2834 करोड़ का शुद्ध लाभ

बेंगलुरु (भाषा)।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,834.6 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि परिचालन आय सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत घटकर 22,208.3 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ (कंपनी के इक्विटी धारकों से जुड़ा) 7.8 प्रतिशत घटकर 2,834.6 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,074.5 रुपये था।

विप्रो ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए आईटी सेवाओं से आय के लिए अनुमान (-) 1.5 प्रतिशत से (अ) 0.5 प्रतिशत रखा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही की अपनी संभावनाओं पर कहा, " हमें उम्मीद है कि हमारे आईटी सेवा व्यवसाय खंड से राजस्व 2,61.7 से 2,67 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बीच रहेगा।"पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ इससे पूर्व वित्त वर्ष के मुकाबले 2.6 प्रतिशत घटकर 11,045.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की परिचालन आय 89,760.3 करोड़ रुपये रही। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 जुलाई 2024 से 30 जुलाई 2029 तक पांच साल की अवधि के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रिशद ए. प्रेमजी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी। 31 जुलाई 2024 से 30 जुलाई 2029 तक पांच साल की अवधि के लिए गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में अजीम एच. प्रेमजी की पुनर्नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी गई है।

एचसीसी के राइट इश्यू को मिला 2.5 गुना अभिदान

नई दिल्ली (भाषा)। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (एचसीसी) के राइट इश्यू को 250 प्रतिशत से अधिक अभिदान मिला है। कंपनी को 350 करोड़ रुपये के निर्गम के मुकाबले 877 करोड़ रुपये के आवेदन मिले हैं। बयान के अनुसार, राइट इश्यू आकार के 100 प्रतिशत के अनुरूप 350 करोड़ रुपये की राशि बरकरार रखी है, शेष राशि निवेशकों को वापस कर दी गई है। शेयर बाजार बीएसई लि. के साथ अंतिम आवंटन के आधार पर आवेदकों को इक्विटी शेयर आवंटित किए गए।

एचसीसी के वाइस चेयरमैन अर्जुन धवन ने कहा, 'हम अपने शेयरधारकों के समर्थन के लिए आभारी हैं क्योंकि हम एचसीसी की वृद्धि में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं।' कंपनी के अनुसार, राइट इश्यू के जरिए एचसीसी में शेयरों की संख्या बढ़कर 1,67,96,94,910 हो गई। चुकता शेयर पूंजी 151 करोड़ रुपये से बढ़कर 168 करोड़ रुपये हो गई।

सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच भारत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला देश

वाशिंगटन (भाषा)। भारत की अर्थव्यवस्था ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य के बावजूद निरंतर खपत तथा निवेश मांग के समर्थन से पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की है। भारत के आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व बैंक समिति को बताया कि वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान जिसे दूसरे अग्रिम अनुमान में 7.3 प्रतिशत से बढाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है।

सेठ ने कहा, " भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 की लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता के रूप में उसकी स्थिति की पुष्टि करता है।"

उन्होंने कहा, " इसी तरह की राय विभिन्न एजेंसियों द्वारा व्यक्त की गई है जिन्होंने भारत के वित्त वर्ष 2023-24 के वृद्धि अनुमान को आठ प्रतिशत के करीब संशोधित किया है। सतत विकास की राह में सुधार और निवेश पर भारत का सक्रिय रुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक मानक स्थापित करता है।"

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की एक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इस बार आधिकारिक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मौजूदा लोकसभा चुनाव के कारण इस वार्षिक सभा में हिस्सा नहीं ले रही हैं। सेठ ने विकास समिति को बताया कि पूंजीगत व्यय पर भारत के जोर से निजी निवेश जारी रहा.... जिसके परिणामस्वरूप स्थिर कीमतों पर सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। सेठ ने इस बात पर भी जोर दिया कि 2022 में वैश्विक लेनदेन में 46 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत का वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन सबसे अधिक रहा।

उन्होंने कहा कि मार्च 2024 में मासिक लेनदेन 13.44 अरब था, जिसकी कुल राशि 19780 अरब रुपये हो गई। सेठ ने विकास समिति को बताया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की निरंतर वृद्धि के अनुरूप भारतीय पूंजी बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में उभरते बाजारों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक बना हुआ है।

सेंसेक्स 599 अंक उछला

मुंबई (भाषा)।

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढत के साथ बंद हुए और चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढकर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला था और शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत तक लुढकते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स तेजी पकड़ने में सफल रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक गिर गया था लेकिन बाद में बढत के साथ बंद हुआ।

इसके साथ ही दोनों प्रमुख सूचकांकों में बीते चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। इन चार दिनों में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में ही खासी गिरावट देखी गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी प्रमुख रूप से बढत हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का राजस्व वृद्धि अनुमान बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से इन्फोसिस में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे। यूरोप के बाजार भी शुरूआती कारोबार में नुकसान में थे। अमेरिका के अधिकांश बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख रहने के बावजूद ईरान के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई के बाद तनान बढने की आशंका सीमित रहने से भारतीय बाजारों में उत्साह देखा गया। खासकर बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूत सुधार आया। हालांकि, तेल की ऊंची कीमतों से मुद्रास्फीति का जोखिम बना हुआ है।'

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत चढकर 87.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,260.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 643.16 अरब डॉलर पर

मुंबई(भाषा)।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर बढकर 648.56 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 अरब डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ का प्रभाव शामिल होता है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.79 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार 9.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.08 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित जमा भी 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गयी।

आरबीआई को मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली : दास

मुंबई (भाषा)।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 2024-25 के लिए मजबूत वृद्धि माहौल और जीडीपी अनुमान के चलते मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर में यथास्थिति बनाये रखने के लिए मतदान करते हुए यह बात कही।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया।

मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बीच रेपो दर फरवरी 2023 से इसी स्तर पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एमपीसी बैठक का विवरण जारी किया।

दास ने कहा, "मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले दो वर्षों में जो लाभ हुआ है, उसे बरकरार रखना होगा। टिकाऊ आधार पर सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने के लिए काम करना होगा।'

एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने नीतिगत दर में यथास्थिति के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा ने हालांकि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की वकालत की थी। उनकी दलील थी कि अधिक ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होती है।

■ दास ने कहा, 'मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले दो वर्षों में जो लाभ हुआ है, उसे बरकरार रखना होगा

मुंबई यूनिवर्सिटी और वीस्कूल कराएंगे मंदिर प्रबंधन की पढ़ाई

नई दिल्ली (वि)।

मंदिर प्रबंधन पाठ्यक्रमों को बेहतर करने और लोगों को मंदिरों के प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों में वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रयोग के महत्व के बारे में बताने की दिशा में अहम पहल की गई है। मुंबई यूनिवर्सिटी और शिक्षण प्रसारक मंडली, पुणे के प्रिन. एल. एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च (वीस्कूल) ने मंदिरों की व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में समर्पित टेम्पल कनेक्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है।

टेम्पल कनेक्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

इस समझौते के तहत टेंपल कनेक्ट का उद्देश्य मुंबई यूनिवर्सिटी और वीस्कूल के साथ मिलकर नए तरीके से तैयार किए गए टेंपल मैनेजमेंट एजुकेशन इकोसिस्टम के माध्यम से प्रतिभागियों को सीखने का मौका देना है। इसके अंतर्गत 6 महीने, 12 महीने और 2 साल की अवधि में क्रमशः सर्टिफिकेट, एडवांस सर्टिफिकेट और डिप्लोमा प्रोग्राम कराए जाएंगे। इसमें हैड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन मोड, दोनों विकल्प मिलेंगे। पाठ्यक्रम में प्रबंधन के अलग-अलग पहलुओं, जन प्रबंधन, सामाजिक-सांस्कृतिक प्रबंधन, डिजाइन ओरिएंटेशन, सस्टेनेबिलिटी, भारतीय ज्ञान व्यवस्था, समावेश, कानूनी अनुपालन और मंदिर प्रबंधन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के प्रयोग जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा। भीड़ प्रबंधन और एसेट मैनेजमेंट भी इसका हिस्सा है। अभी इसके लिए न्यूनतम अर्हता स्नातक (ग्रेजुएशन) रखी गई है। आने वाले समय में 10वीं और 12वीं करने के बाद भी इसमें प्रवेश का मौका दिया जाएगा। यह जानकारी टेंपल कनेक्ट और आईटीसीएक्स के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी ने दी।

जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर लगाया 1.83 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली (भाषा)।

दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया।

पतंजलि योगपीठ को शिविरों में लिए गए शुल्क पर देना होगा सेवा कर : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (भाषा)।

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा। न्यायालय ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के पांच अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने ट्रस्ट की अपील खारिज करते हुए कहा, 'न्यायाधिकरण ने ठीक ही कहा है कि शुल्क वाले शिविरों में योग करना एक सेवा है। हमें इस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं मिला। अपील खारिज की जाती है।'

■ सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा।

योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था।

न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि प्रतिभागियों से दान के रूप में योग शिविरों के लिए शुल्क एकत्र किया गया था। हालांकि यह राशि दान के रूप में एकत्र की गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है।

सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

इसके जवाब में ट्रस्ट ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहा है जो बीमारियों के इलाज के लिए हैं। इसमें कहा गया था कि ये सेवाएं 'स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा' के तहत कर-योग्य नहीं हैं।

कारोबारी हलचल

एजिलिटास स्पोर्ट्स ने हासिल किया लोटो का 'ब्रांड लाइसेंस'

नई दिल्ली (भाषा)। खेल-कूद से जुड़े परिधान और जूते बनाने वाली और खुदरा बिक्री से जुड़ी एजिलिटास स्पोर्ट्स ने 40 साल के लिए भारत तथा अन्य बाजारों के लिए डब्ल्यूएचपी ग्लोबल से इटालियन स्पोर्ट्स ब्रांड लोटो का 'ब्रांड लाइसेंस' हासिल कर लिया है। कंपनी बयान के अनुसार, दीर्घकालिक लाइसेंस के जरिए एजिलिटास के पास भारत, ऑस्ट्रेलिया और जल्द ही दक्षिण अफ्रीका में लोटो ब्रांड के डिजाइन, निर्माण, प्रचार तथा वितरण का विशेष अधिकार होगा। एजिलिटास स्पोर्ट्स के सीईओ अभिषेक गांगुली ने कहा, "40 साल के इस लाइसेंस समझौते के जरिए हम ब्रांड के विपणन तथा खुदरा बिक्री के अलावा लोटो के उत्पाद विकास के लिए अत्याधुनिक विनिर्माण, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी व डिजाइन नवाचार का निर्माण तथा कार्यान्वयन करेंगे।' साझेदारी पर डब्ल्यूएचपी ग्लोबल के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी स्टेनली सिल्वरस्टीन ने कहा, 'स्पोर्ट्सवियर उद्योग पर उनका ध्यान देना और भारत के के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य बाजारों में गहरा विश्वास लोटो ब्रांड को विश्व स्तर पर विकसित करने के हमारे मुख्य मिशन के अनुरूप है।"

अशोक लेलैंड का साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता

नई दिल्ली (भाषा)। भारी वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड ने अपने विक्रेताओं को वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत बैंक अशोक लेलैंड के विक्रेताओं को प्रतिस्पर्धी वित्तीय विकल्प उपलब्ध कराएगा। साउथ इंडियन बैंक की वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह कारोबार प्रमुख बिजी एस एस ने शुक्रवार को बयान में कहा, "हम अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से हमारा लक्ष्य विक्रेताओं को सुविधाजनक और पूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।" उन्होंने कहा, "हमारा मानना है कि यह साझेदारी दोनों संगठनों की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करेगी और एक मजबूत सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगी।" अशोक लेलैंड के निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) गोपाल महादेवन ने कहा, "यह गठजोड़ हमारे विक्रेताओं के नेटवर्क को उचित वित्त पोषण समाधान प्रदान करेगा।"

हिंदुस्तान जिंक को 2,038 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली (भाषा)। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. (एचजेडएल) का 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटकर 2,038 करोड़ रुपये रहा। इसकी मुख्य वजह जस्ता की कम कीमत रही। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में शुद्ध मुनाफा 2,583 करोड़ रुपये रहा था। हिंदुस्तान जिंक लि. ने बयान में कहा, "समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध लाभ 2,038 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 21 प्रतिशत कम है।" कंपनी ने कहा, " जस्ता की कम कीमतों के कारण शुद्ध लाभ में गिरावट आई है। हालांकि, लागत में 11 प्रतिशत के महत्वपूर्ण सुधार तथा चांदी की मात्रा में पांच प्रतिशत के सुधार से कुछ हद तक भरपाई हुई है।" जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की एकीकृत आय घटकर 7,822 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 8,863 करोड़ रुपये थी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, "... कंपनी ने वर्ष के दौरान बाजार की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया। इसके बावजूद मार्जिन तथा शेयरधारक मूल्य का संरक्षण सुनिश्चित किया।"कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने में 13,197 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने वृद्धि के लिए आक्रामक रणनीति की तैयार

कोलकाता (भाषा)। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने खुद को उद्योग में एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्थापित करने के लिए वृद्धि की एक आक्रामक रणनीति तैयार की है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी का नाम पहले एगॉन लाइफ इंश्योरेंस था। इस साल फरवरी में बंधन बैंक के प्रवर्तक बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने समूह की पहुंच को बैंकिंग तथा म्यूचुअल फंड से आगे बढ़ाने के लिए एगॉन लाइफ का अधिग्रहण किया था।

बीते वित्त वर्ष में ईपीएफओ से 1.65 करोड़ नए सदस्य जुड़े

नई दिल्ली (भाषा)। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ में सदस्यों की संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 1.65 करोड़ बढ़ गई जो एक साल पहले की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। नियमित वेतन पाने वाले कर्मचारियों से संबंधित नवीनतम आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। श्रम मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, "पिछले साढे छह वर्षों में 6.1 करोड़ से अधिक सदस्य कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े हैं, जो नौकरी बाजार के सामान्य होने का संकेत है।" इन आंकड़ों से पता चलता है कि ईपीएफओ ने 2018-19 में शुद्ध रूप से 61.12 लाख सदस्य जोड़े थे, जो 2019-20 में बढ़कर 78.58 लाख हो गए। हालांकि वित्त वर्ष 2020-21 में यह संख्या घटकर 77.08 लाख रह गई। इसके पीछे मुख्य वजह कोविड-19 महामारी थी। स्थिति सुधरने पर 2021-22 में 1.22 करोड़ नए सदस्य और 2022-23 में 1.38 करोड़ सदस्य जोड़े गए।

अधिकारी ने बताया कि ईपीएफओ में शामिल होने वाले नए सदस्यों की शुद्ध संख्या 2022-23 के 1.38 करोड़ से 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2023-24 में 1.65 करोड़ हो गई। अधिकारी ने कहा कि ईपीएफओ सदस्यता में शुद्ध बढ़ोतरी नौकरी बाजार के सामान्यीकरण की सीमा और संगठित/अर्ध-संगठित क्षेत्र के कार्यबल को सामाजिक सुरक्षा लाभ में शामिल होने का संकेत देती है।

भारत, बुल्गारिया के ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग समझौता

नई दिल्ली (भाषा)। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग ने यहां जारी एक बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ाना है।

डीकॉक व राहुल के अर्धशतक से लखनऊ की घर पर आसान जीत

बेकार गई धोनी की 9 गेंदों पर 28 रनों की पारी, चेन्नई की आठ विकेट से करारी हार, लखनऊ की चौथी जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने घरेलू मैदान यानी इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफखेला गया मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। चेन्नई ने पहले खेलते हुए रविंद्र जडेजा के 57 रन, मोईन अली के 30 तो धोनी के 9 गेंदों पर 28 रनों की बदौलत 176 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी लखनऊ को मजबूत शुरूआत मिली।

डीकॉक और केएल राहुल दोनों ने अर्धशतक जड़ते हुए पहले विकेट के लिए 134 रन जोड़े। डीकॉक 43 गेंदों पर 54 रन बनाकर मुस्तिफजुर का शिकार हो गए जबकि कप्तान केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 82 रन बनाए। इसके बाद क्रीज पर आए निकोल्स पूरण 23 रन और मार्कोस स्टोइनिस 8 रन ने टीम को 19वें ओवर में ही जीत दिला दी। चेन्नई की शुरूआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर रचिन रविंद्र बिना खाता खोले बोल्ड हो गए। हालांकि इसके बाद अजिंक्य रहाणे और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को आगे बढ़ाया। ऋतुराज 13 गेंदों पर 17 रन बनाकर यश ठाकुर का शिकार हुए। इसके बाद 9वें ओवर में रहाणे भी 24 गेंदों पर 36 रन बनाकर क्रुणाल पांड्या की गेंद पर बोल्ड हो गए। चेन्नई ने जब 90 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे तो जडेजा ने एक छोर संभाल लिया। चेन्नई को मोईन अली का भी साथ मिला। मोईन ने 18वें ओवर में रवि बिश्नोई को लगातार तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने टीम के लिए 20 गेंदों पर 30 रनों का योगदान दिया। इसके बाद धोनी क्रीज पर आए। उन्होंने मोहसिन खान की लगातार दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। 20वें ओवर में भी धोनी ने यश ठाकुर की गेंदों पर 3 बड़े शॉट लगाए और स्कोर 6 विकेट पर 177 तक पहुंचा दिया।

धोनी के आने से भीड़ उग्र हो गई: केएल राहुल

केएल राहुल ने कहा कि धोनी जब क्रीज पर आए तो दर्शकों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। राहुल ने इस माहौल पर कहा कि हम अच्छी स्थिति में थे। तभी एमएसडी आ गए और दबाव हमारे गेंदबाजों पर आ गया। विपक्षी गेंदबाजों पर उनका खौफ है। भीड़ के उग्र होने से हमारे युवा गेंदबाज दबाव में थे। चेन्नई ने इसका फायदा लेते हुए 15-20 रन अतिरिक्त खींच लिए। मैं स्थिति का आकलन करने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे पता था कि सीएसके के स्पिनर दबाव बनाएंगे।

आईपीएल 2024 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	0.677
कोलकाता	6	4	2	8	1.399
चेन्नई	7	4	3	8	0.529
हैदराबाद	6	4	2	8	0.502
लखनऊ	7	4	3	8	0.123
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

क्विंटन डीकॉक व राहुल में शतकीय पार्टनरशिप

जवाब में खेलने उतरी लखनऊ ने ओपनर क्विंटन डीकॉक और केएल राहुल की बदौलत मजबूत शुरूआत की। दोनों ने 13 ओवर में ही बिना विकेट खोए 113 रन बना लिए। केएल राहुल फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। 15वें ओवर में डीकॉक ने भी 41 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह सीजन में लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। चेन्नई के खिलाफअर्धशतक से उनका जरूर आत्मविश्वास बढ़ेगा। डीकॉक ने 43 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। इसी तरह केएल राहुल 53 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 82 रन बनाए। डीकॉक को मुस्तिफिजुर रहमान तो राहुल को मथिशा पथिराना ने आऊट किया।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल पंड्या	36	24	5/1
रचीन रवींद्र बोल्ड मोहसिन खान	00	01	0/0
ऋतुराज कै. राहुल बो. यश ठाकुर	17	13	1/0
रवींद्र जडेजा नाबाद	57	40	5/1
शिवम दुबे कै. राहुल बो. स्टोइनिस	03	08	0/0
समीर रिजवी स्टं. राहुल बो. क्रुणाल	01	05	0/0
मोईन अली कै. बदौनी बो. रवि बिश्नोई	30	20	0/3
एमएस धोनी नाबाद	28	09	3/2

अतिरिक्त: 04, कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन, **विकेट पतन:** 1-4, 2-33, 3-68, 4-87, 5-90, 6-141, **गेंदबाजी:** मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश ठाकुर 4-0-45-1, क्रुणाल पंड्या 3-0-16-2, रवि बिश्नोई 4-0-44-1, मार्कस स्टोइनिस 2-0-7-1,

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4/6
डीकॉक कै. धोनी बो. मुस्तफिजुर	54	43	5/1
राहुल कै. जडेजा बो. पथिराना	82	53	9/3
निकोलस पूरन नाबाद	23	12	3/1
मार्कस स्टोइनिस नाबाद	08	07	1/0

अतिरिक्त: 13, कुल: 19 ओवर में 2 विकेट पर 180 रन, **विकेट पतन:** 1-134, 2-161, **गेंदबाजी:** दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0,

मेघा प्रदीप ने एशियाई नौकायन में जीता कांस्य

अर्जुन और सुनील को नहीं मिला पेरिस ओलंपिक कोटा

टोक्यो। भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम पुरुषों के सी2-500 मीटर फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए। अर्जुन और सुनील ने नौकायन स्पर्धा में 1:49.237 समय में पूरी की। वह इस स्पर्धा को जीतने वाले कजाकिस्तान के सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव से 5.024 सेकंड पीछे रहे। सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव ने 1:44.213 समय में स्पर्धा जीती। महिलाओं की के2 500 मीटर स्पर्धा में पार्वती गीता और सोनिया देवी फिरेम्बम ने 2:04.807 का समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा को चीन की शिमेंग यू और यूल चेन की जोड़ी ने जीता।

हर्षवर्धन सिंह शक्तावत फाइनल में जगह बनाने से चूके

पुरुषों की के2 500 मीटर ओलंपिक वर्ग स्पर्धा में रिम्सन मैरेम्बम और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। भारत की नेहा देवी लीचोनबाम और कावेरी ने महिलाओं के सी2 500मीटर फाइनल में प्रतिस्पर्धा की लेकिन अयोग्य घोषित कर दिया गई। नाओचा सिंह लैटनजाम ने पुरुषों की के1 200 मीटर गैर-ओलंपिक श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सके। भारतीय दल के वरिंदर सिंह (पुरुषों की के1 1000 मीटर) और ज्ञानेश्वर सिंह फिलम (पुरुषों की सी1 1000 मीटर) स्पर्धा में शनिवार को अपनी स्पर्धा करेंगे। फाइनल रविवार को खेलना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने की क्रिकेटर शमी की तारीफ

अमरोहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। उन्होंने कहा, योगीजी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी हैं। योगी जी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं। मैं अमरोहा के लोगों को इसकी बहुत बहुत बधाई देता हूं। गौरतलब हैं कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 24 विकेट लिए थे।

शमी के गृह नगर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे पीएम

हार्दिक पांड्या पर लगा जुर्माना

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफइंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

रौनक यादव ने भोपाल को दिलाया सिल्वर

भोपाल। मॉडल स्कूल के रौनक यादव ने भोपाल को सिल्वर मेडल दिलाया है। एमपी स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा स्टेट लेवल कैडेट जूनियर अंडर-21 और सीनियर कराते चैंपियनशिप 2024 का आयोजना उज्जैन में किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र रौनक यादव ने 55 किलो से कम कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया है। फाइनल मुकाबला भोपाल के राजवीर से हुआ जिसमें एक अंक से रहकर सिल्वर मेडल से सम्मानित हासिल किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रचार श्रीमती रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकानाएं दी।

भोपाल के पांच खिलाड़ी करेंगे मप्र का प्रतिनिधित्व

भोपाल। भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के 5 खिलाड़ी मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित 17वीं मिनी नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसमे तीन खिलाड़ी शौर्य खत्री क्षेत्री, अक्षत बड़ोला और शिवराज पांडे बालक वर्ग में एवं 2 खिलाड़ी गरिमा पांडे और अश्लेषा सिंह बालिका वर्ग में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 21 से 24 अप्रैल 2024 तक मुंबई में संपन्न होनी है। इस प्रतियोगिता में टीम के चयन हेतु ट्रायल 6 अप्रैल को इंदौर में मल्हार आश्रम में हुआ था। इस अवसर पर भोपाल जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णा घाडगे, सचिव संदीप राव, मध्यप्रदेश पुलिस टीम के कोच भरत पांडे, मनोज बड़ोला, जगत बहादुर एवं सीनियर खिलाड़ियों विजेंद्र, प्रवीण, आदित्य, करीम, राहुल, शक्ति आदि ने चयनित खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

आईसीपीएल टी20 प्रतियोगिता: आईईएस कॉलेज व यूटीआई आरजीपीवी ने जीते अपने-अपने मुकाबले

भोपाल। आईसीपीएल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में कैरियर कॉलेज एवं आईईएस कॉलेज के बीच मैच खेला गया जिसमें कैरियर कॉलेज ने 16.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाएं। आईईएस कॉलेज की ओर से अमित पटेल ने चार ओवर में 37 रन लेकर 3 सेवाचंद ने चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी आईईएस कॉलेज की टीम ने निर्धारित लक्ष्य 10.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। आईईएस कॉलेज की ओर से मीत त्रिपाठी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चार छक्के और 11 चौकों की मदद से 39 गेंद में 77 रन बनाएं जबकि मुदस्सर अली ने 15 गेंदों में 15 रन का योगदान दिया आईईएस कॉलेज ने यह मुकाबला 8 विकेट के बड़े अंतर से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आईईएस कॉलेज के मीत त्रिपाठी रहे। दिन का दूसरा मुकाबला यूआईटी आरजीपीवी एवं टूबा कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें यूआईटी आरजीपीवी ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाएं। वेदांत घोड़के ने 49 गेंद में 76 रन, शिवेश प्रताप सिंह ने 19 गेंद में 26 रनों का योगदान दिया। टूबा कॉलेज की ओर से वेदांश बाबू ने चार ओवर में 26 रन लेकर 4 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी टूबा कॉलेज की टीम ने 18.2 ओवर में 148 रन पर ऑलआउट हो गई। यूआईटी आरजीपीवी की ओर से फैजान अभिषेक एवं सिद्धार्थ सिंह दो दो सफलता अर्जित की। इस प्रकार यूआईटी आरजीपीवी ने यह मुकाबला 24 रनों से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच यूआईटी आरजीपीवी के वेदांश रहे।

गुकेश ने करूआना से खेला ड्रॉ

टोरंटो। फीडे कैंडिडैट शतरंज में ग्यारहवें राउंड के सम्पन्न होने के बाद रूस के पूर्व कैंडिडैट विजेता यान नेपोमनिशी 7 अंको के साथ एकल बढ़त पर आ गए है। 11वें राउंड में नेपोमनिशी और भारत के विदित गुजराती के बीच के बेहद कड़ा मुकाबला खेला गया जिसमें लगभग बराबर की स्थिति में विदित से हुई भूल के चलते नेपोमनिशी 67 चालों में जीतने में सफल रहे। वहीं भारत के आर प्रज्ञानन्दा को भी यूएसए के हिकारु नाकामुरा से हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही अब नाकामुरा 6.5 अंकों के साथ भारत के डी गुकेश के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर आ गए हैं। गुकेश नें इस राउंड में टॉप सीड विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी फबियानों करूआना से ड्रॉ खेला वहीं एकक अन्य मुकाबले में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें अजरबैजान के निजत अबासोव को पराजित किया। महिला वर्ग में टूर्नामेंट में पहली बार भारत की कोनेरु हम्पी और आर वैशाली नें जीत दर्ज की हम्पी ने बुल्गारिया की सालिमोवा नुर्ज़ुल और आर वैशाली नें रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना को पराजित किया।

ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में स्पर्धा करेंगे निशानेबाज

दोहा। भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे। महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के अंतिम-आठ में

बार्सिलोना। नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड का क्वार्टरफाइनल मुकाबले में माटेओ अर्नाल्डी से भिड़ेंगे। माटेओ अनाल्डी ने पहले खेले गये मुकाबले में मार्को ट्रुंगेलिटी को 6-3, 6-0 से हराकर अंतिम-आठ पहुंच गये है।

दीपक और सुजीत उड़ान में देरी के चलते ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

दुबई में खराब मौसम बना विलेन

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए। आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में भारतीय पहलवानों पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। लगातार बारिश के कारण दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं।

दीपक पुनिया को 86 किग्रा में खेलना था मुकाबला

दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

अमन ने तोड़ी उम्मीदें हारकर बाहर

अमन सहरावत सेमीफाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लाएव से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। सेमीफाइनल मुकाबले में 57 किग्रा वर्ग में भारतीय पहलवान को उज्बेक पहलवान से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ भारतीय पहलवान का अभियान समाप्त हो गया। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था। अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक 125 किग्रा भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गएए जबकि दीपक 97 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

40 की उम्र के कमर की माप व सेहत

जोंडालुप (द कन्वरसेशन)। 40 की उम्र के बाद नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए डाक्टर कमर की माप लेते हैं और वजन भी जांच सकते है। आने वाले आकड़ों पर चिंता दिखाते हुए जीवनशैली में बदलाव की सलाह देते है। डाक्टर और स्वास्थ्य पेशेवर आमतौर पर कमर की परिधि को स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण संकेत मापते है। यह इंट्रा-पेट वसा की मात्रा के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) से बेहतर संकेतक है। यह वास्तव में अंगों के आसपास और भीतर जोखिम भरा वसा है जो हृदय रोग और टाइप 2 मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों को जन्म दे सकता है। यदि पुरुषों की कमर का घेरा 102 सेंटीमीटर से अधिक है तो उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बहुत बढ़ जाता है। 88 सेंटीमीटर या उससे अधिक की कमर की परिधि वाली महिलाओं को अधिक जोखिम में माना जाता है। दो-तिहाई से अधिक ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों की कमर का माप उन्हें बीमारी के बढ़ते जोखिम में डालता है।

■ कमर का घेरा पुरुषों में 102 सेंटीमीटर से अधिक और महिलाओं में 88 सेंटीमीटर से अधिक सेहत संबंधी समस्याओं का कारण

ऐसे माप महत्वपूर्ण है, लेकिन जब बीमारी और मृत्यु के जोखिम की बात आती है तो ये पूरी कहानी नहीं है। कमर की परिधि और ऊंचाई का अनुपात 0.5 से अधिक होने से पुरानी बीमारी के साथ-साथ समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है और यह किसी भी उम्र के वयस्कों में लागू होता है। स्वस्थ कमर से ऊंचाई का अनुपात 0.4 से 0.49 के बीच होता है। 0.6 या अधिक का अनुपात किसी व्यक्ति को बीमारी के उच्चतम जोखिम में रखता है। कुछ विशेषज्ञ स्वास्थ्य नियुक्तियों के दौरान रोगियों में कमर की परिधि को नियमित रूप से मापने की सलाह देते है। इससे उनकी पुरानी बीमारियों के जोखिम और वे इससे कैसे निपट सकते है, इस बारे में चर्चा शुरू हो सकती है। शरीर की अत्यधिक चर्बी और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं मध्य जीवन के दौरान अधिक मजबूती से प्रकट होती है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ कई सामाजिक, व्यक्तिगत और शारीरिक कारक मिलकर कमर के आकार को नियंत्रित करना और अधिक कठिन बना देते है। मुख्य रूप से मांसपेशियों के घटने के कारण चयापचय धीमा हो जाता है क्योंकि लोग शारीरिक गतिविधि कम करते है, विशेष रूप से प्रतिरोध व्यायाम। महिलाओं में, हार्मोन का स्तर मध्य जीवन में बदलना शुरू हो जाता है और यह विशेष रूप से पेट के आसपास वसा के स्तर में वृद्धि होने लगती है। साथ ही, जीवन का यह चरण (जिसमें अक्सर नौकरी की जिम्मेदारियां, पालन-पोषण और बूढ़े माता-पिता की देखभाल शामिल होती है) तब होता है जब तनाव के कारण कोर्टिसोल बढ़ने लगता है जो पेट के आसपास वसा बढ़ने का कारण बनता है। मध्य आयु खराब नींद के पैटर्न भी ला सकती है। ये भूख को नियंत्रित करने वाले हार्मोन में व्यवधान के साथ वसा बढ़ाने में योगदान करते है। अंत में पारिवारिक इतिहास और आनुवंशिकी आपके पेट की चर्बी बढ़ने का कारण बन सकती है।

कमर की माप अहम क्यों

यह इंट्रा-पेट या आंत की वसा त्वचा के नीचे की वसा की तुलना में बहुत अधिक चयापचय रूप से सक्रिय होती है। आंत का वसा यकृत, अग्न्याशय और आंतों जैसे प्रमुख अंगों को घेरता है और घुसपैठ करता है, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन (हार्मोन, प्रदाह संकेत और फैटी एसिड) निकलते है। ये प्रदाह, लिपिड चयापचय, कोलेस्ट्रॉल के स्तर और इंसुलिन प्रतिरोध को प्रभावित करते है, जिससे पुरानी बीमारियों के विकास में योगदान होता है। रजोनिवृत्ति के दौरान यह समस्या विशेष रूप से स्पष्ट होती है।

बढ़ रही है फैटी लिवर की समस्या

हैदराबाद(आईएएनएस)। डॉक्टरों का कहना है कि सेडेंटरी लाइफस्टाइल और शराब पीने की आदतों के कारण फैटी लीवर के मामले बढ़ रहे हैं। हर पांच में से लगभग एक व्यक्ति फैटी लिवर से प्रभावित है। डॉक्टरों ने शुक्रवार को 'विश्व लिवर दिवस' के मौके पर बढ़ते स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

डॉक्टरों का कहना है कि फैटी लीवर को कभी एक छोटी मोटी समस्या के रूप में खारिज कर दिया जाता था। लेकिन यह अब मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल से संबंधित मुद्दों और हृदय संबंधी बीमारियों समेत अंतर्निहित स्वास्थ्य जोखिमों का शक्तिशाली संकेतक बनकर उभरा है। इसके अलावा, स्टीटोहेपेटाइटिस, सिरोसिस और यकृत (लिवर) कैंसर जैसी अधिक गंभीर जटिलताओं को रेखांकित करती है। फैटी लीवर से बचने के लिए जीवनशैली में बदलाव और पौष्टिक आहार का सेवन जरूरी है। नियमित शारीरिक गतिविधि को शामिल कर लंबे समय तक फैटी लीवर के विकास के जोखिम को कम किया जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक, तले हुए खाद्य पदार्थों और चीनी का इस्तेमाल कम करना चाहिए। सब्जियां, दाल, प्रोटीन और आवश्यक वसा से भरपूर संतुलित आहार को अपनाना महत्वपूर्ण है। भोजन में प्रतिदिन सब्जियों के सेवन को शामिल करें, जिसमें पर्याप्त प्रोटीन स्रोत हों। मध्यम मात्रा में घी शामिल करना और तले हुए खाद्य पदार्थों और मीठे व्यंजनों से परहेज करना, लिवर के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और फैटी लिवर जटिलताओं के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण हैं। अमोर अस्पताल के डॉ. राजा प्रसाद ने कहा, नियमित व्यायाम वजन को कंट्रोल में रखने में मदद करता है, जिससे लिवर की कार्यक्षमता बढ़ती है और फैटी लिवर का खतरा कम होता है। हेपेटाइटिस बी टीकाकरण वायरस की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है। नियमित जांच और लिवर फंक्शन टेस्ट लिवर की बीमारियों का जल्द पता लगाने और हस्तक्षेप के लिए महत्वपूर्ण हैं।

बीमारी के लक्षण

- ■ पेट में दर्द होना
- ■ पेट के ऊपरी भाग में सूजन आना
- ■ भूख न लगना या भोजन ढंग से न पचना
- ■ वजन घटना और कमजोरी महसूस होना
- ■ भ्रम की स्थिति.
- ■ उल्टी आना
- ■ थकान महसूस करना

फैटी लिवर से लिवर के कामकाज पर प्रभाव

जब शरीर में मौजूद कुल वसा की मात्रा लिवर के वजन से 10 प्रतिशत ज्यादा हो जाती है तो इस स्थिति को फैटी लिवर कहते हैं। फैटी लिवर होने पर लिवर ढंग से काम नहीं कर पाता है। वसा अधिक होने पर लिवर में सूजन आने लगती है, जिसका असर पाचन तंत्र पर पड़ता है और शरीर कमजोर होने लगता है। यह बीमारी दो प्रकार की होती है।

एल्कोहॉलिक फैटी लिवर- यह बीमारी शराब के अत्यधिक सेवन के कारण होती है। शराब न पीने पर करीब छह सप्ताह के भीतर लिवर से फैट की परत हटने लगती है।

नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर - अधिक तला-भुना और उच्च वसायुक्त भोजन करने वाले लोग मोटापे और मधुमेह से ग्रस्त हो सकते है, जो फैटी लिवर का कारण भी बन सकता है। लंबे समय तक ऐसा भोजन करने से लिवर पर वसा जमने लगती है।

लिवर के प्रमुख काम

शरीर में लिवर का मुख्य काम प्रोटीन की मात्रा को संतुलित करना है। इसके साथ ही लिवर कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर नियंत्रण, रक्त के थक्का बनने की प्रक्रिया में मदद, पाचन तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद और विटामिन बी12 का संचय करता है। लिवर संक्रमण और रोगों से लड़ने में सहायक होता है.। यह शरीर में रक्त शर्करा को नियमित करता है और विषाक्त पदार्थों के निष्कासन में सहायता करता है। लिवर ग्लूकोज को ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

दोहरा चरित्र निभाना चुनौतीपूर्ण : राहुल



मुंबई (वार्ता)। अभिनेता राहुल सुधीर का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'दबंगी मुलगी आई रे आई' में युग के रूप में जासूस की भूमिका को अपनाना और एकलव्य के रूप में बेस्टफ्रेंड के उत्साह को प्रदर्शित करना उनके लिए उत्साहजनक और चुनौती रहा।

शो 'दबंगी मुलगी आई रे आई' एक वयस्क आर्या (रचना मिसी) के सफर से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां आर्या अपने जन्मदाता पिता सत्या (आमिर दलवी) से उसके परिवार को बर्बाद करने का बदला लेना चाहती है। आर्या का संकल्प और मजबूत हो गया है क्योंकि अंकुश (मानव गोहिल) वापस आ गया है और उसे अपने बचपन का दोस्त एकलव्य भी मिल गया है, जो अब सत्या के गलत कामों को उजागर करने के लिए अंडरकवर जासूस, युग (राहुल सुधीर) के रूप में काम कर रहा है। जारी कहानी में अंकुश सत्या के करीब आने के लिए आर्या का इस्तेमाल करता है और उससे कहता है कि युग को यह न पता चले कि वह जीवित है। दूसरी ओर, सत्या की अवैध गतिविधियों को उजागर करने में आर्या की मदद करने की कोशिश कर रहे, युग को लगता है कि आर्या उससे कुछ छिपा रही है।

न्यासा के 21वें जन्मदिन से पहले काजोल का खास नोट

'काश मैं तुम्हें वापस पेट में रख पाती'

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस काजोल और सुपरस्टार अजय देवगन की बेटी न्यासा शनिवार को अपना 21वां जन्मदिन मनाने जा रही है। बेटी के बर्थडे से एक दिन पहले मां काजोल ने प्यार भरा नोट लिखा है। काजोल ने सोशल मीडिया पर अनदेखी पुरानी फोटो शेयर की, जिसमें छोटी न्यासा हरे रंग की फ्रॉक पहने हुए और अपनी मां की गोद में बैठी हुई है। पिछली बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में नजर आने वाली एक्ट्रेस ने अपनी बेटी के जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले प्यार भरा खास नोट लिखा, कल न्यासा का 21 वां जन्मदिन है, लेकिन आज का दिन मेरे बारे में है, मैं कैसे मां बनी। कैसे उसने मेरी सबसे बड़ी इच्छा पूरी की और कैसे वह तब से हर दिन मुझे खुश करती है। वह मुझे अपने प्यार और अटूट समर्थन से कैसे आभारी और आश्चर्यचकित महसूस कराती है। आगे लिखा, जब उसने पहली बार मुझे मां कहा तो मुझे कैसा महसूस हुआ..कभी कभी लगता है कि मैं उसे लपेट कर एक दिन के लिए अपने पेट में वापस रख लूं, ताकि मेरा दिल उस शरीर में वापस आ जाए जहां से वह शुरू हुआ था। काजोल ने लिखा कि आप अपने बच्चों के लिए क्या महसूस करते हैं, इसे बताने के लिए प्यार एक सामान्य सा शब्द है। यह इससे भी कहीं ज्यादा है। तो हां, आज का दिन मेरे बारे में है। काजोल को पिछली बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में देवयानी और वेब सीरीज 'द ट्रायल' में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में देखा गया था।

'फुर्तीला' की स्टार कास्ट ने दिल्ली में मचाया धमाल

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर और पंजाबी सिंगर व अभिनेता जस्सी गिल की पंजाबी फिल्म 'फुर्तीला' 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के निर्माता अमर हुंडल है। फिल्म की स्टारकास्ट शुक्रवार को प्रमोशन के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। अभिनेता जस्सी गिल और अभिनेत्री अमायरा दस्तूर टैंक्निया कॉलेज में स्टूडेंट्स ने फिल्म का पोस्टर हाथों में लेकर एवं फुर्तीला की टी-शर्ट पहनकर उनका स्वागत किया। कलाकारों ने शुक्रवार को दिल्ली के अलग अलग स्थानों पर फिल्म का प्रमोशन किया। स्टार कास्ट ने यहां टैंक्निया कॉलेज के ऑडिटोरियम में लाइव परफॉर्मेंस दी। जस्सी गिल ने अपनी आने वाली फिल्म के गाने 'सूरजे', मै कंवळा पर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। जस्सी गिल के डांस मूव्स पर युवा जमकर थिरके। अमायरा केशव महाविद्यालय में स्टार कास्ट फिल्म प्रमोशन के साथ साथ लोगों से बातचीत करती भी नजर आई। इस दौरान जस्सी गिल ने मीडिया से फिल्म के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मै हमेशा पंजाब से जुड़ी अनूठी कहानियों को करने के लिए तैयार रहता हूं।

ज्यादा समय कैटरीना के साथ गुजारता हूं : विक्की

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने वेलेंटाइन डे पर अपनी पत्नी कैटरीना कैफ के साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह डेटिंग कर रहे थे तो उनका लक्ष्य एक-दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना रहता था। विक्की अपने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के मंच पर नजर आए। मेजबान कपिल शर्मा ने शादी से पहले और बाद में वेलेंटाइन डे की योजना के बारे में बात की। जिस पर विक्की ने शेयर किया कि शादी से पहले, हमारा लक्ष्य एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना था। शादी के बाद भी वही स्थिति है कि हमें एक-दूसरे के साथ अधिकतम समय बिताना है। विक्की से सहमति जताते हुए कपिल ने टिप्पणी की, मैं सहमत हूं। मेरे लिए वैलेंटाइन डे हर रोज है। अपने मजाकिया अंदाज से सनी को चिढाते हुए, कपिल ने कहा, क्या आप मानते हैं कि वेलेंटाइन डे हर रोज होता है या यह केवल 14 फरवरी को होता है।

मसाबा व सत्यदीप के घर आने वाला है नन्हा मेहमान

मुंबई (भाषा)। फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता और अभिनेता सत्यदीप मिश्रा के घर नन्हा मेहमान आने वाला है। मसाबा गुप्ता अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट में खुद इस बात की जानकारी साझा की। वह साल 2023 में 'विक्रम वेधा' फिल्म के अभिनेता सत्यदीपमिश्रा के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं।

34 वर्षीय फैशन डिजाइनर ने इंस्टाग्राम पर की गई पोस्ट में कहा, दो नन्हे कदम हमारी ओर आ रहे है। कृपया हमें अपना आशीर्वाद, प्यार और केले के चिप्स भेजें। अभिनेता मिश्रा ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर यह पोस्ट साझा की थी। मसाबा के इस पोस्ट के बाद कृति सनोन, परिणीति चोपड़ा, जोया अख्तर, आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर और कोंकणा सेनशर्मा सहित प्रमुख हस्तियों ने उन्हें इस खुशखबरी के लिए बधाई दी। मसाबा गुप्ता ने पहली शादी फिल्म निर्माता मधु मंटेना से की थी। वे जून 2015 में शादी के बंधन में बंधे थे, लेकिन 2019 में वे अलग हो गये थे। उन्होंने नेटफ्लिक्स शो 'मसाबा मसाबा' से अभिनय की शुरुआत की और प्राइम वीडियो की एंथोलॉजी सीरीज 'मॉडर्न लवः मुंबई' में भी अभिनय किया। अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने पहली शादी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी से की थी। वे 2009 में शादी के बंधन में बंधे थे, लेकिन 2013 में अलग हो गये थे। उन्होंने 'नो वन किल्ड जेसिका', 'टाइगर्स' और 'बॉम्बे वेलवेट' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।

धर्मेन्द्र ने 'मेरा गांव मेरा देश' का वीडियो शेयर किया

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड के ही मैन धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने ट्विटर पर अपने इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें 'मेरा गांव मेरा देश' के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इस वीडियो में धर्मेंद्र जिस गांव में शूटिंग करते हुए नजर आए थे, उसी में एक लड़का उन जगहों की झलक दिखा रहा है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म 'मेरा गांव मेरा देश' 1971 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।



संजीदा ने किया मंत्रमुग्ध

मुंबई (आईएएनएस)। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' के निर्माताओं ने शुक्रवार को वहीदा के रूप में संजीदा शेख के चरित्र का प्रोमो जारी किया। वीडियो दर्शकों को वहीदा के रहस्यमय और मनमोहक चरित्र को गहराई से जानने का मौका देता है। संजीदा द्वारा निभाए गए वहीदा के किरदार को अद्वितीय सुंदरता और दिव्य आवाज वाली महिला के रूप में दिखाया गया है। हालांकि, उसके जीवन में एक दुखद मोड़ आता है जब उसे एक ऐसी घटना का अनुभव होता है जो उसे जीवन भर के लिए आहत कर देती है। अपनी उत्कृष्ट उपस्थिति, सुंदर नृत्य मुद्राओं और उर्दू में निपुणता के साथ, संजीदा 'हीरामंडी' की महान रचना की दुनिया में सहजता से फिट बैठती हैं। सीरीज के प्रोमो में संजीदा को काले रंग का कढ़ाई वाला लहंगा पहने दिखाया गया है। वह कहती नजर आ रही हैं, मेरी आवाज बेजोड़ थी, मेरी सुंदरता भी बेजोड़ थी। हर दर्पण वहीदा की एक झलक के लिए तरसता था। लेकिन मुझे नहीं पता था कि एक निशान मेरी किस्मत पर हमेशा के लिए दाग लगा देगा। पोस्ट को कैप्शन दिया गया है, किस्मत ने धोखा दिया गया और उसे चुप करा दिया, वहीदा सुंदरता से परे मुक्ति की तलाश में है...

संजीदा शेख ने वहीदा की भूमिका निभाई है। इस साल की शुरुआत में 'फाइटर' में नजर आने वाली संजीदा अब संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं। यह सीरीज दर्शकों को 1940 के दशक में ले जाती है, जिसमें प्रेम, विश्वासघात, शक्ति और स्वतंत्रता के संघर्ष से भरी वारांगनओं के जीवन की झलक मिलती है। सीरीज में संजीदा के साथ-साथ सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी और शर्मिन सहगल मुख्य भूमिका में हैं।

एक्सीडेंट में टूटी दिव्यांका त्रिपाठी की हाथ की हड्डियां

मुंबई (आईएएनएस)। 'ये है मोहब्बतें' की एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी दहिया की एक हादसे में हाथ की हड्डियां टूट गई हैं। उन्हें तत्काल सर्जरी कराने की सलाह दी गई है। उनकी स्थिति को लेकर उनके पति विवेक दहिया ने कहा कि वह अब ठीक होने की राह पर हैं। दिव्यांका के पति विवेक दहिया ने सोशल मीडिया पर 39 वर्षीय एट्रेस के हाथ का एक्स-रे शेयर किया, जिससे पता चला कि उनकी बांह में फ्रैक्चर है और शुक्रवार को उनकी सर्जरी हुई है। ओपबॉक्स पीआर रिलेशंस ने भी अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमें यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि विवेक का शनिवार को होने वाला लाइव सेशन अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। दिव्यांका का कुछ घंटे पहले एक्सीडेंट हो गया और अब वह मेडिकल केयर में हैं। विवेक उनके साथ हैं। हम आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं, और दिव्यंका के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। विवेक जल्द ही सभी के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार को विवेक ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी प्रेमिका के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। नोट में लिखाा, दिव्यांका ठीक होने की राह पर हैं। गुरुवार शाम एक दुर्घटना में वह ऊंचाई से गिर गई, जिसके कारण उनकी बांह की दोनों हड्डियां टूट गईं और उन्हें तत्काल सर्जरी की सलाह दी गई। हम आपके प्यार और प्रार्थनाओं की सराहना करते हैं। हमारे लिए यह बहुत मायने रखता है। थ्हमारे सभी प्रशंसकों और मीडिया मित्रों को अपार प्यार और चिंता के लिए धन्यवाद।

मुख्तार के करीबियों की 06.70 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क कर हुई जब्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08 अप्रैल 2024 को प्रभारी निरीक्षक/विवेचक थाना मरदह जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा पारित कुर्की आदेश अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत गैंग लीडर/अभियुक्त रेयाज अहमद अंसारी पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी वार्ड नं० 11 दक्खिन टोला, बहादुरगंज थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर की अनुमानित बाजारू कीमत लगभग 06.70 करोड़ की अचल संपत्ति जो उसने अपनी पत्नी निकहत परवीन, साले कमाल अहमद पुत्र जियाउद्दीन तथा दामाद एहतशाम पुत्र कलीम अंसारी के साथ एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने तथा अपने व अपने गैंग के सदस्यों लिए आर्थिक, भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से आपराधिक कार्य

तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों के द्वारा विगत कुछ वर्षों में अलग-अलग समय मे अर्जित की गयी थी, का कुर्क कर जब्तीकरण किया गया। अर्जित अचल संपत्ति का विवरण 1. अभियुक्त रेयाज अहमद अंसारी द्वारा अपने नाम से दिनांक 27.03.2008 को मौजा बहादुरगंज, परगना जहूराबाद, जिला गाजीपुर में आराजी संख्या 511/1 रकबा 0.063 हे० व आराजी संख्या 512 रकबा 0.057 हे0 कुल दो गाटा रकबा 0.120 हे0 में से 2/3 अर्थात रकबा 0.080 हे०, दिनांक 09.07.2009 को मौजा-प?ट्टीगढ़, बहादुरगंज, परगना जहूराबाद, जिला गाजीपुर में आराजी संख्या 48/2 रकबा 0.177 हे० व रकबा 0. 143 हे0 कुल दो गाटों में से सम्पूर्ण हक व हिस्सा 0.082 र हे0 व दिनांक 07.07.2015 को मौजा-बहादुरगंज (नगरीय), परगना जहूराबाद, जिला गाजीपुर में आराजी संख्या 223/1 रकबा 0.108 हे०, आ०सं० 210 रकबा 0.063 हे० व आ०सं० 211 रकबा 0.052 हे० कुल तीन गाटा रकबा 0.223 हे0 में से 0.025 हे० अर्थात 250 वर्गमीटर ।

2. दिनांक 08.02.2008 को अभियुक्त रेयाज अहमद अंसारी द्वारा अपनी पत्नी निकहत परवीन के नाम से मौजा-अब्दुलपुर, बहादुरगंज, परगना जहूराबाद, गाजीपुर में टाउन एरिया खसरा संख्या 1693 व 1694 रकबा 71 वर्गमीटर ।

3. दिनांक 05.07.2021 को अभियुक्त रेयाज अहमद अंसारी द्वारा अपने दामाद व गैंग के सदस्य ऐहतशाम कलीम अंसारी के नाम से बेनामी सम्पत्ति के रूप में मौजा बहादुरगंज, परगना जहूराबाद, गाजीपुर में खसरा संख्या 276 में बना मकान जो 81 वर्गमीटर में आर0सी0सी0 है।

प्रत्येक वोट लोकतंत्र की पहचान, सब मिलकर करे मतदान

पिंडरा। देश के भविष्य को समृद्ध और मजबूत बनाने के लिए, आपका एक-एक वोट भी अमूल्य है। लोकतंत्र द्वारा दिए गये अपने सबसे बड़े अधिकार का उपयोग करें और अपने मतदान को महत्व दें। उक्त शपथ शनिवार को अभ्युदय सेवा समिति के कार्यालय पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों जनो मे इस आगामी लोकसभा चुनाव मे अपने मत का उपयोग करे, देशहित मे करे योगदान के तहत जागरूक करने के साथ लिया गया।इस दौरान अमिताभ दुबे, जेपी पटेल, शिवम् सिंह, नितिन गुप्ता, रोहित सोनकर, सुनील पाल और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड की टापर छात्रा तनु ने फहराया मेधा का परचम

जखनिया। गाजीपुर। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस) समय के अन्तराल में ही मेधा के अंकुर फूटते हैं।और सम-विषम परिस्थितियों को मातकर अपने हुनर का गुल खिला ही देते हैं। यह भी सच है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।इसका ताजा उदाहरण प्रस्तुत किया है कंवला गांव के मूल निवासी पिता अजय कुमार तथा माता उषा देवी की होनहार बेटी तनु ने। यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले की टाप सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुए बेटों के आगे बेटियों की कद्र कम करके देखने वालों के लिए एक आईना है।तनु की जन्म से ही बाई आंख प्राकृतिक नियति की खोट का शिकार होकर काफी छोटी है । तनु का पठन-पाठन में काफी रूचि रहती है।आगे चलकर शिक्षिका बनकर समाज में शिक्षा की काबिले तारीफ रोशनी फैलाने की हार्दिक अभिलाषा है। पिता अजय वकालत पेशे में होने के बावजूद ईमानदारी से कोई समझौता नहीं नहीं करने वाले व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। जबकि माता ऊषा देवी सात्विक महिला होने के साथ साथ धार्मिक प्रवृत्ति की कुशल गृहिणी हैं। अपने पिता अजय व माता

उषा देवी के सपनों को पूरा करने के लिए तनु अपना बहुमूल्य समय ज्ञानार्जन को समर्पित कर अपने लक्ष्य को हासिल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। घर की आर्थिक स्थिति से जूझते मां बाप भी सम-विषम परिस्थितियों में अपना हौसला टूटने नहीं ?देना चाहते।घर की आधी अधूरी दीवार पर छत की जगह सीमेंट की टूटी चादर घर की बताने को काफी है। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के बाद भी पिता अजय अपनी पुत्रियों को शिक्षित करने के प्रति काफी जागरूक हैं ।तनु की परीक्षा फल की खबर मिलते ही घर पर बधाई देने वालों के अलावा जब मीडिया के कैमरे की चमकती रोशनी में जब अनु के होंठों पर कामयाबी की मुस्कान तैर रही थी तो वहीं बेटी के अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने की खुशी में लोगो का धन्यवाद करते हुए बेटी को मिष्ठान कराते समय आंख से खुशी के आंसू भी निकल रहे थे।तनु के पिता अपने आर्थिक स्थिति से जुझ रहे हैं जो जखनियां तहसील में ईमानदारी को लेकर आर्थिक रूप से परेशान रहने वाले अजय अपने बच्चों को पढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते।उनकी बड़ी बेटी भी इंटरमीडिएट की छात्रा है।

विद्युत संविदाकर्मियों के अध्यक्ष ने वेतन भुगतान को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को विद्युत मजदूर पंचायत के जिला अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में संविदा कर्मियों के वेतन भुगतान को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम को पत्रक सौपा गया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनपद के संविदा कर्मी भारत इंटरप्राइजेज कंपनी के द्वारा विद्युत उपकेंद्रो पर रखे गए हैं जिनसे अनुरक्षण और परिचालक का कार्य लिया जाता है। कंपनी द्वारा अब तक संविदा लाईनमैनों को फरवरी और मार्च माह का भी बकाया वेतन नहीं दिया गया जबकि अप्रैल महीना भी पूरा होने को आ चुका है इस संबंध में अधिकारियों से कई बार मौखिक रूप से मिलकर गुहार लगाई गई की संविदा कर्मियों का

बकाया वेतन के भुगतान को जल्द से जल्द दिलाया जाए। लेकिन अधिकारियों ने इस तरफ कोई ठोस कदम उठाना उचित नहीं समझा जिला अध्यक्ष ने बताया की पत्रक के माध्यम से अधिशासी अभियंता से एक सप्ताह के अंदर दो माह का बकाया भुगतान दिलाने का अनुरोध किया गया है, क्योंकि वेतन नहीं मिलने के कारण संविदा कर्मियों के परिवार के सामने भुखमरी की समस्या और उनके बच्चों के पठन-पाठन पर भी असर पड़ रहा है। अगर भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ तो संगठन कार्य बहिष्कार की घोषणा करने को बाध्य होगा।

108 एम्बुलेंस बना वरदान, हुआ सीने में दर्द तो मरीज को पहुंचाया राजकीय मेडिकल कॉलेज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 108 एम्बुलेंस लगातार गंभीर बीमारी के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। और उन्हें निशुल्क पास के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाकर उनका जीवन रक्षा कर रहा है। ऐसा ही कुछ शुक्रवार को भी हुआ जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में भर्ती मरीज रमाकांत उम्र 68 के लिए 108 एंबुलेंस के लिए फोन आया और बताया गया की मरीज को सीने में दर्द है। जानकारी पर बताए गए लोकेशन पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और पायलट मरीज को एंबुलेंस में लेने के पश्चात उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज गाजीपुर पहुंचा। जहां पर कुशल डॉक्टरों की देखरेख में इलाज शुरू हुआ। 108 एंबुलेंस के प्रभावी दीपक राय ने बताया कि शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज रमाकांत उम्र 68 के लिए 108 एंबुलेंस के लिए फोन आया । बताया गया कि मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पर

अपना इलाज करा रहा है। लेकिन डॉक्टर के द्वारा उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। इसके बाद बताए गए लोकेशन पर पायलट वाहिद खान और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन रामनाथ ने मरीज को एंबुलेंस में बैठाकर राजकीय मेडिकल कॉलेज गाजीपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान डॉ अमित की देखरेख में पूरे रास्ते मरीज को ऑक्सीजन के सहारे मेडिकल कॉलेज गाजीपुर पहुंचाया गया बताया गया। बताया गया था कि मरीज को सीने में दर्द की शिकायत है।। इसके बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में एडमिट कराया गया। जहां पर कुशल डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज शुरू हुआ।

गाजीपुर सदर मे मतदाता जागरूकता अभियान तहत सीडीओ के नेतृत्व में निकाली गई मोटरसाईकिल रैली

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गूंजा नारा, आओ सब मिलकर गाएँ हम देने वोट जरूरी जाएँ, अपनी ही सरकार है मत देना अधिकार है, देश के मतदाता है वोट देना आता है, सबका यह अरमान है करना सब मतदान है, आन बान और शान से सरकार बने मतदान से, उम्र अठारह पूरी है मत देना बहुत जरूरी है, प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं, सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से, भाई भतीजा नाता है भारत के मतदाता है, ई.वी.एम से देंगे वोट कहते हैं डंके की चोट, आओ मिलकर अलख जगाएँ शत प्रतिशत मतदान कराएँ, डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ है, दारू लालच रुपए नोट नहीं लेंगे है मन का वोट, जागरूक मतदान करेंगें अपने मन का राज चुनेंगे, बी.एल.ओ. से बात करेंगें मतदाता हम अवश्य बनेंगे, सबसे बढ़कर दाता है, भारत के मतदाता है, का नारे लगाते हुए जिले व प्रदेश का मान जनपद गाजीपुर में शत-प्रतिशत मतदान कराने के संकल्प के साथ मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य के नेतृत्व में राजकीय बालिका इण्टर कालेज से मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली को उप जिलाधिकारी सदर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें सैकड़ों कर्मचारी, शिक्षक व आम जन

ने रैली में शामिल होकर शत-प्रतिशत मतदान करने का नारा दिया। संकल्प दिलाया गया कि 01 जून 2024 को सभी मतदाताओं को मतदान करना है, रास्ते में जगह-जगह रुककर मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाया गया एवं लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता बाइक रैली शामिल हुए सैकड़ों कर्मचारी, शिक्षक व आमजन, मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए नारा लिखे बैनर पोस्टर के साथ राजकीय बालिका इण्टर कालेज से लंका, सैनिक चौराहा भूतहिया ताड़, पी0जी0 कालेज होते हुए विकास भवन समाप्त हुई, तथा रैली के उपरान्त कार्मिको को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं। गाजीपुर ने ठाना है, 01 जून को शत-प्रतिशत मतदान कराना है। कालीन पर चलना है, तो मतदान अवश्य करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने रैली में शामिल सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों व अन्य का आभार जताया। रैली में जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, विकास भवन के अधिकारी /कर्मचारी सहित अन्य अधिकारी थे।

चुनाव के सकुशल संचालन के लिए चुनाव से सम्बंधित अधिकारियों संग डीएम ने की समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु एवं निर्वाचन के सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में प्रभारी/अपर प्रभारी अधिकारियों एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थित मे समीक्षा बैठक संम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों तथा उनके कार्यो एंव दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें प्रेक्षक व्यवस्था, पोलिंग पर्सनल वेलफेयर व्यवस्था, शांति व्यवस्था/आचार संहिता अनुपालन /क्रिटीकल/वनेर्बुल बूथों की संख्या, कार्मिकों की नियुक्ति,सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण व्यवस्था (मतदान/मतगणना कार्मिक), माइक्रोआब्जर्वर व्यवस्था, सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा, निर्वाचन प्रबन्ध/टेन्ट व्यवस्था नामांकन, पूर्वाभ्यास, पार्टी डिस्पैच एवं रिसप्शन तथा मतगणना व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों की तैयारी, विडियो सर्विलांस छटळ उड़नदस्ता आदि मानिटरिंग टीम के गठन एवं उनके कार्यों का पर्यवेक्षण, काल सेन्टर ,कन्ट्रोल, डाक

मतपत्र/ई०डी०सी०, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण, ई०वी०एम० मतपत्र व्यवस्था, वीडियो/डिजिटल/वेबकास्टिंग/स्टील कैमरा/सी.सी. कैमरा की व्यवस्था,निर्वाचन व्यय लेखा निर्वाचन लेखन सामग्री/प्रपत्र व्यवस्था, प्रेस व मीडिया से सम्बन्धित व्यवस्था खानपान व्यवस्था, सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता(स्वीप)/ मतदाता साक्षरता क्लब दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित व्यवस्था, जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना ऑफलाइन/ऑनलाइन, रूटचार्ट/सेक्टर जोन सम्बन्धी कार्य, कम्युनिकेशन प्लान सम्बन्धी कार्य, निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त स्थानीय डाक वितरण व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था/सफाई व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश, दूरभाष, आई0टी0टी0 सूचना प्राप्ति एवं प्रेषण, एम0सी0एम0सी0 कन्ट्रोल रूम, मीडिया सेल एवं चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य चुनाव से सम्बन्धित कार्यो की क्रमवार समीक्षा की गयी। मुख्य राजस्व अधिकारी/सहायक परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि छोटे गाड़ियों एवं बसो के साथ भारी वाहनों की व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित कर लिया जाय। जितने भी बूथ बनाये गये है उसके आने जाने वाले रास्ते एवं कमरो की रंगाई पोताई के साथ दरवाजे की मरम्मत अवश्य करा ली जाय। उन्होने बताया कि जनपद मे 2936 बूथ निर्धारित किये गये है एवं 1622 पोलिग सेन्टर बनाये गये है इन स्थानो पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि दिब्यागंजन हेतु सभी पोलिंग सेन्टरों पर व्हील चेयर की व्यवस्था एवं दवाओं की किट की व्यवस्था प्रर्याप्त मात्रा में कर लिया जाय। प्रत्येक विधान सभा मे महिला बूथ, दिव्यांग बूथ, आर्दश माडल बूथ एवं जनपद स्तर पर यूथ बूथ चिन्हित कर पूर्ण रूप से तैयारिया कर ली जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको चुनाव सम्बन्धित कार्य दिये गये है उनको समय से पूर्ण कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, परियोजना निदेशक, डिप्टी कलेक्टर सालिक राम, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विज्ञान अधिकारी , प्रोबेशन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं चुनाव से सम्बन्धित अधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यालय से समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सदर ब्लाक में निकाली गई मतदाता जागरूकता मोटरसाईकिल रैली, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी महोदया गाजीपुर के निर्देश के क्रम में शनिवार को विकासखंड सदर में उपजिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम एवं खंड विकास अधिकारी कमलेश यादव के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जो विकास खंड सदर से शुरू होकर कचहरी, विशेशरगंज होते हुए लंका, सैनिक चौराहा प्रकाशनगर होते हुए पुनः वापस ब्लॉक सदर में समाप्त हुआ। जिसमें विकास खंड सदर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिवप्रकाश त्रिपाठी के साथ तमाम ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं सफाईकर्मी सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम में बैजनाथ तिवारी , अभीशेक गुप्ता सुरेश यादव आलोक चौबे जयप्रकाश विनोद आदि का मुख्य सहयोग रहा।

लुदर्स कान्वेंट की अकांक्षा उपाध्याय तथा फिजा फातिमा ने लहराया परचम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। जिसके अनुसार 10वीं में कुल 89.55% छात्र पास हुए। छात्रों का पासिंग परसेंट 86.64%, जबकि छात्राओं का 93.34% रहा है। परीक्षा में 27.63 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए, जबकि 29.47 लाख ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जानने की बात है कि इस साल 1.84 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने परीक्षा छोड़ी है। इस बार एग्जाम सिर्फ 17 दिनों में हुआ। पहला पेपर 22 फरवरी को और लास्ट पेपर 9 मार्च को हुआ था। परीक्षा 8265 केंद्रों में कराई गई। इस दौरान 311453 टीचर्स ने ड्यूटी की थी। कॉपियों की चेकिंग 16 मार्च से 30 मार्च तक चली। सिर्फ 12 वर्किंग-डे में ही 1.76 करोड़ कॉपियां चेक की गईं। वहीं यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट का भी रिजल्ट जारी हो गया है। इस बार 82.60% छात्र पास हुए हैं। इसमें 88.42 प्रतिशत लड़कियां और 77.78 प्रतिशत लड़के हैं। 12वीं में 25 लाख 77 हजार 997 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन 1 लाख 39 हजार 22 स्टूडेंट्स परीक्षा में नहीं बैठे थे। ऐसे में 24 लाख 38 हजार 975 स्टूडेंट्स का रिजल्ट आज जारी हुआ। इसी क्रम में जिले के लुदर्स कॉन्वेंट बालिका इंटर कॉलेज में रिजल्ट जारी होते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। 10वीं के रिजल्ट में आकांक्षा उपाध्याय ने 96 प्रतिशत पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया तो वहीं 12वीं के रिजल्ट में फिजा फातिमा ने भी 96 प्रतिशत पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोंसा ने टॉपर छात्राओं को मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लुदर्स बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा श्रद्धा गुप्ता ने 94 प्रतिशत, खुशबू बिंद 97 प्रतिशत और कक्षा 10 की छात्रा शानवी गुप्ता 95.5 प्रतिशत, अंजली तिवारी 95.5 प्रतिशत और अदिति प्रजापति ने 95.17 प्रतिशत पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। रिजल्ट घोषित होते ही विद्यालय की उत्साहित टॉपर छात्राओं ने ग्रुप बनाकर सेल्फी लेना शुरू कर दिया। उसके बाद विद्यालय के शिक्षकों का पैर छूकर सभी टॉपर छात्राओं ने आशीर्वाद लिया।

किसान का बेटा किया नाम रोशन, जिले में पाया 8वां स्थान

पिंडरा। क्षेत्र के नयेपुर स्थित भागीरथी महाराज इंटर कालेज का छात्र अरुण वर्मा हाईस्कूल की मेरिट में 8 स्थान प्राप्त किया। पिता राजीव वर्मा एक किसान है। अरुण असवारी का निवासी है और अपने सपनो को पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत करने वाला अरुण सफलता मिलने पर खुश दिखा और कहाकि आगे चलकर देश की सेवा करूंगा।

गांव की बेटी ने गांव के माहौल में दिखाया जज्बा, मिला 9वां स्थान

पिंडरा। क्षेत्र के घोघरी स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज की छात्रा प्रीति पटेल गांव के एक साधारण परिवार व गवई माहौल में रहते हुए हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में 9 वा स्थान प्राप्त किया है। किसान सुरेश पटेल व गृहणी अमरावती देवी की पुत्री प्रीति इस सफलता को स्कूल के शिक्षको को देती है। वही प्रधानाचार्य कल्लू राम व प्रबन्धक सुषमा पटेल ने बताया कि शुरू से ही परिवार व समाज के विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई के प्रति उसके अंदर पढ़ने का जुनून है। वह प्रतिदिन 5 से 6 घण्टे पढ़ती है और आगे चलकर डॉक्टर बनने की इच्छा रखती है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं